लखनऊ

गुरुवार, 10 अक्टूबर, 2024

वर्ष : 10 | अंक: 90

मूल्य : 1 रुपये

पृष्ठ : 8

UPHIN/2014/57034

हिंदी दैनिक

# आर्यावर्त क्रांति

सफलता का एकमात्र उपाय कड़ी मेहनत करना ही है।

**TODAY WEATHER**

| DAY | NIGHT |
|---|---|
| 33° | 27° |
| Hi | Low |

## संक्षेप

### 'ट्रंप हारे तो मुझे जेल में डाल दिया जाएगा', एलन मस्क को डर, वो अपने बच्चों को भी नहीं देख पाएंगे

वॉशिंगटन। एलन मस्क को डर है कि अगर आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप, कमला हैरिस से हार जाते हैं तो उन्हें जेल भी हो सकती है। मस्क ने ये भी कहा कि अगर कमला हैरिस चुनाव जीतीं तो हो सकता है कि अमेरिका में फिर कभी चुनाव ही नहीं होंगे। एक इंटरव्यू के दौरान मस्क ने ये बातें कही। गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में एलन मस्क खुलकर डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। एंकर टकर कार्लसन के साथ एक इंटरव्यू में एलन मस्क से पूछा गया कि अगर डोनाल्ड ट्रंप चुनाव हार जाते हैं तो क्या होगा? इस सवाल पर पहले ट्रंप चौंके और फिर मुस्कुराते हुए बोले कि 'अगर ट्रंप चुनाव हारे तो समझो मैं तो गया। आपको क्या लगता है कि मुझे कितने साल की जेल होगी? क्या मैं अपने बच्चों को भी देख पाऊंगा? मुझे नहीं पता।' गौरतलब है कि एलन मस्क राष्ट्रपति चुनाव में खुलकर डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर चुके हैं और हाल ही में पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई ट्रंप की रैली में एलन मस्क ने पूर्व राष्ट्रपति के साथ मंच भी साझा किया था और ट्रंप को चुनाव जिताने की अपील की थी। इंटरव्यू के दौरान एलन मस्क ने कहा कि 'मुझे लगता है कि अगर ट्रंप इन चुनाव में नहीं जीते तो ये अंतिम चुनाव होंगे।' अपनी आशंका जताते हुए मस्क ने कहा कि 'हैरिस बाइडन प्रशासन के दौरान जो लाखों अवैध अप्रवासी अमेरिका आए हैं, उन्हें नागरिकता दे दी जाएगी और वे भविष्य में हमेशा के लिए डेमोक्रेट पार्टी के मतदाता होंगे।'

### ब्राजील में एलन मस्क के 'एक्स' की वापसी, सुप्रीम कोर्ट ने हटाया बैन

वॉशिंगटन। ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एलन मस्क को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ब्राजील में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की सेवाओं को बहाल करने का आदेश दे दिया है। बता दें कि ब्राजील में पिछले एक महीने से ज्यादा समय से एक्स की सेवाएं बंद कर दी गई थीं। दरअसल 30 अगस्त को ब्राजील में एक्स पर बैन लगा दिया गया था। ब्राजील एक्स के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। जहां इसके यूजर्स की संख्या 20 से 40 मिलियन के बीच है। वहीं देश की आबादी लगभग 213 मिलियन है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस डी मोरेस ने एलन मस्क के साथ धुर-दक्षिणपंथी खातों और गलत सूचना के मुद्दों पर बहस के बाद देश में एक्स पर बैन लगा दिया था। इसके बाद, एलन मस्क ने जस्टिस डी मोरेस की आलोचना भी की थी। मस्क ने जस्टिस डी मोरेस को सत्तावादी और सेंसर कहा था। इसके बावजूद कि एक्स के राष्ट्रव्यापी निलंबन समेत उनके फैसलों को उनके साथियों द्वारा बार-बार बरकरार रखा गया था। वहीं मस्क के सार्वजनिक दावों के बावजूद, एक्स ने डी मोरेस की सभी मांगों का पालन किया है। इनमें प्लेटफॉर्म से कुछ अकाउंट को ब्लॉक करना, बकाया जुर्माना भरना और एक कानूनी प्रतिनिधि का नाम शामिल करना शामिल था। बाद में ऐसा करने में विफलता के कारण निलंबन शुरू हो गया था। बैन हटाने की मांग पर कोर्ट ने कहा था कि एक्स और उसके ब्राजीलियाई कानूनी प्रतिनिधि को अदालत की ओर से लगाए गए 1।83 मिलियन रीस (करीब 34 लाख डॉलर) के जुर्माने का निपटान करना होगा।

### कांग्रेस पर फिर बरसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# हिंदूओं को बांटने का लगाया आरोप, बोले- उसे न विकास से मतलब, न विरासत से



**मुंबई, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ है। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ।

मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था। लेकिन कांग्रेस की सारी साज़िशें ध्वस्त हो गई। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में भय का माहौल पैदा कर रही है। कांग्रेस लोगों का डर पालती है। कांग्रेस अपने वोट बैंक की खातिर देश का सांप्रदायिकरण कर रही है। मोदी ने कहा कि आज हरियाणा के दलित वर्ग ने बीजेपी को रिकॉर्ड समर्थन दिया है। हरियाणा के ओबीसी बीजेपी के विकास कार्यों को देखकर उसके साथ है। कांग्रेस ने किसानों को भड़काया। लेकिन किसानों को पता है कि उन्हें फसलों पर MSP किसने दी। हरियाणा के किसान बीजेपी की किसान कल्याण योजनाओं से खुश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने युवाओं को टारगेट किया और अलग अलग तरीके से उन्हें भड़काने की कोशिश की। लेकिन हरियाणा के नौजवान, हमारी बहनें-बेटियां अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा पर ही भरोसा कर रहे हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉर्मूले पर चली है। कांग्रेस ने बार-बार ये सिद्ध किया है कि वो एक गैर-जिम्मेदार दल है। वो अभी भी देश को बांटने के लिए नए-नए नरैटिव गढ़ रही है। कांग्रेस समाज को बांटने का फार्मूला लाती रहती है। कांग्रेस का फार्मूला साफ है कि मुसलमानों को डराते रहो, उनको भय दिखाओ, उनको वोटबैंक में कन्वर्ट करो और वोटबैंक को मजबूत करों। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो उस पर राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे।

> उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पूरी तरह से सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस भारत के 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' की परंपरा का दमन कर रही है, सस्नातन परंपरा का दमन कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया, किसी देश में तभी विश्वास करती है, जब वहां का युवा आत्मविश्वास से भरा होता है। आज युवा भारत का आत्मविश्वास, भारत के भविष्य की नई कहानी है। दुनिया के बड़े बड़े देश आज भारत को मानव संसाधन के बड़े केंद्र के रूप में देख रहे हैं।
>
> **नरेंद्र मोदी, पीएम**

# राहुल गांधी बोले- जम्मू-कश्मीर के लोगों का शुक्रिया, हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पहली प्रतिक्रिया आई है। राहुल ने कहा कि वो इन नतीजों का विश्लेषण कर रहे हैं। गौरतलब है कि तमाम दावों के बाद भी राज्य में कांग्रेस लगातार तीसरी बार सरकार में नहीं आ पाई। बीजेपी 48 सीट जीतने के साथ हैट्रिक बना चुकी है। कांग्रेस को 37 सीटें मिली हैं।

राहुल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, 'जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया - प्रदेश में INDIA की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे।'

### सहयोगी दलों के निशाने पर आई कांग्रेस

दरअसल, चुनाव के दौरान राहुल गांधी भी हरियाणा में जीत का दावा कर रहे थे। उन्होंने अग्निवीर और किसानों का मुद्दा हर रैली में उठाया। लेकिन हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार बीजेपी को चुनकर कांग्रेस को जोर का झटका दे दिया। चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस ने ईवीएम पर भी सवाल उठाए हैं। राहुल के पोस्ट से भी इशारा उसी तरफ मिल रहा है। कांग्रेस की इस हार के बाद अब उसको सहयोगी दल आंखें दिखाने लगे हैं।

> **एग्जिट पोल्स के संकेतों से कांग्रेस थी उत्साहित**
>
> गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में तमाम एग्जिट पोल्स ने कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की थी। शुरुआती रुझानों में कांग्रेस काफी आगे निकली भी दिखाई दे रही थी लेकिन असल नतीजे इसके उलट आए। सुबह साढ़े दस बजे के बाद नजारा बदल गया और बीजेपी लगातार बढ़त बनाती चली गई। इसके बाद कांग्रेस के पैरो तले जमीन खिसक गई। इस बार सरकार बनाने की उम्मीद लगाए बैठी कांग्रेस को हरियाणा की जनता ने जोर का झटका दे दिया।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद सड़क हादसे में घायल, मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती



आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद सड़क हादसे में घायल हो गए। बुधवार को वह प्रतापगढ़ में समीक्षा बैठक करने के लिए आ रहे थे। रास्ते में हादसा हो जाने से वह घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी होते ही पार्टी के तमाम पदाधिकारियों के साथ पुलिस प्रशासन और महकमे के आला अधिकारी पहुंच गए।

लखनऊ से प्रतापगढ़ समीक्षा बैठक में शामिल होने आ रहे मंत्री संजय निषाद के एस्कॉर्ट की गाड़ियां बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आपस में टकरा गई, जिससे वहां छटग्रस्त हो गए मंत्री को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए जांच के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# अलगाववादियों, अफजल के भाई और आजादी चाचा जैसे आतंकी समर्थकों को कश्मीरी जनता ने चुनावों में करारा सबक सिखाया है



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने आतंकवाद और अलगाववाद की राह पर चलने वालों को करारा सबक सिखाया है। तमाम अलगाववादी, आतंक के आरोपों का सामना कर रहे लोग तथा आतंकवादियों के रिश्तेदार चुनाव मैदान में उतरे थे लेकिन जनता ने सबको घर बैठा दिया। यही नहीं, जनता ने आतंक का शिकार बने परिवार की सदस्या को इस चुनाव में जीत दिलाकर यह भी दर्शा दिया है कि आतंक के पीड़ितों के साथ वह पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उम्मीद है कि अलगाववादी विचारधारा पर चलने वाले उम्मीदवारों को विधानसभा चुनावों में मिली बड़ी हार उन्हें देश के साथ चलने की सीख देगी।

हम आपको बता दें कि अलगाववाद की राह पर चलने वाले प्रमुख लोगों में इंजीनियर रशीद के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार भी शामिल हैं, जो चुनावों में कोई बड़ा प्रभाव डालने में विफल रहे। कुलगाम से जमात-ए-इस्लामी के 'प्रॉक्सी' उम्मीदवार सयार अहमद रेशी और लंगेट से चुनाव लड़ रहे शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद के भाई खुर्शीद अहमद शेख का प्रदर्शन ही थोड़ा बहुत ठीकठाक रहा। हालांकि कुलगाम में सयार अहमद रेशी को हार का सामना करना पड़ा, वहीं खुर्शीद अहमद शेख ने लंगेट से जीत हासिल कर ली। लेकिन इन समूहों से जुड़े अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, जो मतदाताओं की स्पष्ट अस्वीकृति को दर्शाता है। इंजीनियर रशीद की एआईपी ने 44 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। हालांकि कई की जमानत भी जब्त हो गई। जमात-ए-इस्लामी ने चार उम्मीदवार उतारे थे और चार अन्य का समर्थन किया था, लेकिन रेशी के अलावा, सभी न्यूनतम समर्थन भी हासिल करने में असफल रहे।

इसके अलावा, अफजल गुरु के भाई ऐजाज अहमद गुरु को सोपोर विधानसभा सीट पर करारी हार का सामना करना पड़ा, उन्हें मात्र 129 वोट मिले जो 'इनमें से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प के लिए डाले गए 341 वोटों से काफी कम है। इसके अलावा, एक अन्य चेहरे, 'आजादी चाचा' के नाम से चर्चित सरजन अहमद वागय को भी नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

# इतिहास मेरे कार्यकाल को... रिटायरमेंट से पहले सीजेआई चंद्रचूड़ को किस बात की टेंशन?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ 8 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं। उन्होंने अपने दो साल के कार्यकाल पर विचार करते हुए कहा कि उनका मन अपनी विरासत के बारे में सवालों से घिरा हुआ है जिसे वह भविष्य की पीढ़ी के लिए छोड़ देंगे। भूटान में जेएसडब्ल्यू लॉ स्कूल के दीक्षांत समारोह में बोलते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जैसे-जैसे मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है, मेरा मन भविष्य और अतीत के बारे में भय और चिंताओं से भरा हुआ है।

सीजेआई ने कहा कि क्या मैंने वह सब कुछ हासिल किया जो मैंने निर्धारित किया था? इतिहास मेरे कार्यकाल का मूल्यांकन कैसे करेगा? क्या मैं चीजों को अलग तरीके से कर सकता था? मैं न्यायाधीशों और कानूनी पेशेवरों की भावी पीढ़ियों के लिए क्या विरासत छोड़ूंगा? 9 नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण करने वाले मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार किया कि इनमें से अधिकांश सवालों के जवाब उनके नियंत्रण से बाहर थे और हो सकता है कि उन्हें सभी के जवाब न मिलें। हालाँकि, मुझे पता है कि पिछले दो वर्षों में मैं हर सुबह काम को अपना पूरा योगदान देने की प्रतिबद्धता के साथ उठता हूँ और इस संतुष्टि के साथ बिस्तर पर जाता हूँ कि मैंने अपने देश की अत्यंत समर्पण के साथ सेवा की है। इसी में मैं सांत्वना ढूंढता हूं।

दीक्षांत समारोह में, जिसमें भूटान की राजकुमारी सोनम डेचन वांगचुक और देश के मुख्य न्यायाधीश ल्योनपो चोग्याल डागो रिगडज़िन ने भाग लिया, सीजेआई चंद्रचूड़ ने स्नातकों को युवाओं के जुनून और आदर्शवाद को उनके प्रशिक्षण की परिष्कार और विशेषज्ञता के साथ जोड़ने की सलाह दी, रिपोर्ट में कहा गया है।

# सीओ जिया उल हक की पीट-पीटकर हत्या मामले में आया बड़ा फैसला, 10 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिया उल हक हत्याकांड में सजा का ऐलान कर दिया गया है। सभी 10 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। लखनऊ की सीबीआई अदालत ने दोषियों की सजा का ऐलान किया। 2 मार्च 2013 को सीओ कुंडा जिया उल हक की हत्या हुई थी। उन्हें लाठी, डंडों से पीटकर और गोली से मारकर हत्या हुई थी। फूलचंद यादव, पवन यादव, बलजीत यादव, घनश्याम, सरोज, रामलखन गौतम, छोटेलाल यादव समेत सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई है। सीबीआई की तरफ से 10 लोगों को इस केस में आरोपी बनाया गया था। इसके साथ ही कोर्ट की तरफ से सभी दोषियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। ये भी कहा गया है कि जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि जिया उल हक की पत्नी को दिया जाए। इसके साथ ही इस मामले में पहले ही ग्राम प्रधान गुलशन यादव और राजा भैया को पहले ही क्लिन चिट मिल चुकी थी। 2 मार्च, 2013 की रात को वह बालीपुर पहुंचे जहां ग्राम प्रधान नन्हे सिंह यादव की हत्या के बाद उनके कई समर्थक हथियारों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। हत्या की वजह कुछ दुकानों के मालिकाना हक को लेकर विवाद था. कामता पटेल को मुख्य संदिग्ध माना जा रहा था और यादव के समर्थकों ने उसके घर की घेराबंदी कर दी थी। तनाव को भांपते हुए डीएसपी ने वैकल्पिक रास्ते से गांव तक पहुंचने का ध्यान रखा। जैसे ही वह पटेल के घर की ओर बढ़ा, उसे भीड़ ने घेर लिया और पीट-पीट कर मार डाला। उसे लाठी-डंडे से पीटा और तीन गोली मारी। जबकि उसके साथ आए तीन पुलिसकर्मी भाग गए, जिस बैकअप के लिए बुलाया गया था वह समय पर नहीं पहुंचा। आक्रोश में नन्हे के भाई सुरेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद सिपाही की पत्नी परवीन आजाद ने तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री रघुराज प्रताप सिंह पर हत्या में हाथ होने का आरोप लगाया था। पटेल और यादव दोनों सिंह के समर्थक थे। सिंह ने तब कहा था कि यह आरोप एक आहत विधवा की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी और उन्होंने कई मौकों पर दोनों के बीच विवादों को सुलझाने की कोशिश की थी।

# गाजा के उत्तरी हिस्से में इजराइल का हमला, बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए, अस्पतालों पर खतरा

**दीर अल-बला।** फलस्तीनी अधिकारियों और नागरिकों ने कहा कि उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर इजराइल के हमलों में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए हैं, तथा हमास के साथ युद्ध के एक वर्ष बाद तीन अस्पतालों के बंद होने का खतरा है। जबालिया में भीषण लड़ाई चल रही है, जहां इजराइली सेना ने युद्ध के दौरान कई बड़े अभियान चलाए और जब चरमपंथी एकजुट होने लगे तो सेना वापस आ गई। गाजा शहर सहित पूरे उत्तरी क्षेत्र में भारी तबाही हुई है और पिछले साल के अंत से इजराइली सेना द्वारा इसे काफी हद तक अलग-थलग करके रखा गया है। गाजा में विनाश और मौत के चक्र की शुरुआत पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के साथ हुई। इजराइल अब लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ एक सप्ताह पुराने जमीनी हमले का विस्तार कर रहा है और ईरान पर एक बड़ा जवाबी हमला करने पर विचार कर रहा है। साल 1948 में इजराइल के निर्माण के समय से चले आ रहे शरणार्थी शिविर जबालिया के निवासियों का कहना है कि भारी हवाई हमलों और इलाका छोड़ने की चेतावनियों के कारण सैकड़ों लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। लोगों के शवों को अल-अहली अस्पताल में लाया जा रहा है।

# सपा ने छह उम्मीदवारों की घोषणा की, करहल से तेज प्रताप यादव मैदान में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी ने यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने करहल विधानसभा सीट पर तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव विधायक चुने गए थे पर सांसद बनने के बाद सीट खाली हो गई थी।

इसी तरह सीसामऊ विधानसभा सीट से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मंझवा विधानसभा सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया गया है।

### 10 विधानसभा सीटों पर होगें उपचुनाव

यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा जिसके लिए सभी दलों ने तैयारियां कर ली हैं। सपा के चार और सीटें घोषित न करने को कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कही जा रही है। बता दें कि उपचुनाव में कांग्रेस ने सपा से पांच सीटों की मांग की थी लेकिन छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने से यह साफ है कि सपा ने कांग्रेस का फॉर्मूला मानने से इनकार कर दिया है।

### भाजपा ने नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर किया मंथन

उपचुनाव की तैयारियों के मद्देनजर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई थी। जिसमें नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन हुआ। बैठक में सभी नौ सीटों के लिए कुल 27 नामों के पैनल को फाइनल किया गया था। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल की मौजूदगी में एक घंटे से अधिक समय तक बैठक चली थी। इसमें टिकट के सभी दावेदारों के नामों पर चर्चा हुई। उम्मीदवारों के नाम के अलावा बैठक में उपचुनाव में प्रचार अभियान व अन्य तैयारियों, सदस्यता अभियान के साथ ही सरकार और संगठन के बीच समन्वय को और बेहतर करने पर भी चर्चा हुई थी।

# 'अब जो भी दल हिंदू, हिंदी, हिंदुस्तान की बात करेंगे वही देश पर राज करेंगे'



आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**लालगंज(रायबरेली)।** भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा की पूर्ण बहुमत की जीत पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि उद्यान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी अपने आवास पर रायबरेली के लोगों के सानिध्य में जलेबी खिलाकर हरियाणा में सरकार बनने पर जोरदार खुशी का इजहार किया है।स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत और जम्मू कश्मीर में पार्टी की शानदार सफलता पर हिंदुस्तान की जनता ने डिवाइड एंड रूल को किनारे कर मोदी सरकार की नीतियों पर मोहर लगा दी है।हरियाणा दिल्ली की धड़कन है और हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर से भरोसा जताते हुए सबका साथ सबका विकास की राजनीति को स्वीकारा है।राज्य मंत्री ने कहा कि अब जो भी दल हिंदू,हिंदी,हिंदुस्तान की बात करेंगे वही देश पर राज करेंगे।उन्होंने कांग्रेस और अन्य पार्टियों के गठबंधन पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और उनके गठबंधन के साथी सत्ता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन-जन को एक जुट कर सेवा भाव की राजनीति करते हैं।भाजपा सत्ता को सेवा मानती है जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता को राजशाही मानते हैं।जम्मू कश्मीर में बिना किसी खून खराबे के चुनाव संपन्न होने पर उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने वहां पर लोकतंत्र को पूर्णतया बहाल कर दिया है जो भाजपा की बहुत बड़ी जीत है।जम्मू कश्मीर में जहां मतदान के समय ईंट पत्थर चलते थे वहां 71 प्रतिशत लोगों ने घरों से निकलकर मतदान किया है।आज जनता ने कांग्रेस की खटाखट और हिंदू जनमानस को बांटने की राजनीति को नकार दिया है।उन्होंने हरियाणा और जम्मू कश्मीर की जनता को बधाई देते हुए कहा है कि उन्होंने सही समय पर सही पार्टी को चुनकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है।हरियाणा में तीसरी बार बहुमत की सरकार बनने पर उन्होंने कहा कि जनता और मतदाता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर वोट किया है।गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्षियों का गठबंधन सत्ता प्राप्त करने के लिए है।स्वार्थ के आधार पर गठबंधन बहुत दिन नहीं चलता है।राज्य मंत्री ने कहा कि रायबरेली हमारा परिवार है और रायबरेली के लोगों के साथ खुशी का इजहार करना वह अपना कर्तव्य समझते हैं।वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा और जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने भी हरियाणा में बहुमत की सरकार बनने पर प्रसन्नता जाहिर की है। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला,भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेता जेपी सिंह,किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह,मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी सहित टिकरान के ग्राम प्रधान अनिल सिंह मौजूद रहे।

### हरियाणा में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने एक दूसरे को खिलाई मिठाई, मनाया जश्न

सरेनी( रायबरेली) ।हरियाणा में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया व एक दूसरे को मिठाई खिलाई ।पहुरी गाँव मे पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष अध्यक्ष रामू सिंह के आवास पर सैकड़ों कार्यकर्ता जमा हो गए ।सभी ने खुशी में जश्न मनाया। श्री सिंह ने कहा कि पार्टी ने हरियाणा प्रान्त में हैट्रिक लगाकर कीर्तिमान बनाया है ।इसी तरह विशायक पुर मे राजेंद्र विश्वकर्मा व मण्डल अध्यक्ष गोविन्द सविता के नेतृत्व में कार्यकर्ता जमा हुए व पार्टी की हैट्रिक जीत पर खुशी जताई एवं इसी क्रम में भाजपा नेता अनूप पाण्डेय के नेतृत्व में हरियाणा विजय पर खुशी जताई एवं मिठाई खिलाकर कार्यक्रर्ताओं का मुँह मीठा किया ।इस अवसर पर मण्डल मंत्री सरेनी अजय तिवारी, उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव एवं मण्डल प्रभारी यतिन सिंह चौहान, वीरेन्द यादव, विजय, ऋषभ, राजेश आदि भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे और इसे ऐतिहासिक जीत करार दिया।


### कृषि यंत्रों पर सब्सिडी हेतु करें बुकिंग : उप कृषि निदेशक

**चंदौली।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त यन्त्रीकरण योजनाओं में कृषि रक्षा उपकरण, कृषि यन्त्र यथा रोटावेटर, चैप कटर मल्टी क्राप थेरार, लेजर लैण्ड लेवलर, स्ट्रा रीपर, गिनी राइस मिल, हैरो, कल्टीवेटर, कम्बाइन हार्वेस्टर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक, थ्रेसरिंग, फ्लोर, एवं स्मालगोदाम आदि पर अनुदान प्राप्त करने हेतु बुकिंग 09 अक्टूबर को अपराह्न 03:00 बजे से 23 अक्टूबर की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक कृषि विभाग की वेवसाइट एचटीटीपीएसः// एग्रीकल्चर डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन https:// पर की जा सकती है। कृषकों द्वारा निर्धारित समयावधि में विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समीति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया जायेगा।

# प्रधानी की रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

## अपने बहनोई के हत्या के केस मे गवाह भी था मृतक

- मौजूदा प्रधान समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज



आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** अज्ञात बदमाशो ने आज तड़के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली युवक के सिर में लगी, उसने घटनास्थल पर दमतोड़ दिया। परिवारीजन मौके पर पहुंचे जिनका शव देखने के बाद रो-रोकर बुरा हाल है। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ बल्दीराय घटना स्थल पर पहुंचे हैं। घटना बल्दीराय थानाक्षेत्र के असरफपुर गांव की है। स्थानीय गांव निवासी इच्छा नाथ यादव पुत्र जगत बहादुर यादव रोज की तरह सुबह उठकर घर से बाहर शौच के लिए गया था। बताया जा रहा है कि युवक जिस स्थान पर शौच के लिए जाकर बैठा था वहां पहले से अज्ञात बदमाश घात लगाकर बैठे थे। मौका पाते ही बदमाशो ने युवक पर निशाना साधकर गोली दागी और फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर परिजन जब तक मौके पर पहुंचते बदमाश फरार हो गए थे। गोली कांड की खबर जंगल में आग की तरह फैली। स्थानीय लोगो की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। परिवार की महिलाएं आदि भी मौके पर पहुंची और युवक को मृत अवस्था में देख सभी चीखने चिल्लाने और रोने पीटने लगी। ग्रामीणों ने सूचना थाने पर दी। जिस पर थानाध्यक्ष आरबी सुमन दल-बल के साथ पहुंचे। वही एसओ से सूचना मिलते ही सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत और अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। गुस्साए परिवार वालो ने शव को कब्जे में ले लिया है। वो पुलिस अधीक्षक के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की बात कह रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। परिवार से तहरीर लेकर पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। नामजद आरोपियों में राकेश यादव, अमरजीत, अनिल कुमार, अर्जुन यादव और राम अचल यादव है। शुरूआती जांच में प्रधानी के चुनाव की रंजिश की बात सामने आ रही है, हम जांच कर रहे हैं। जल्द ही बदमाश गिरफ्तार किए जाएगे।

### गेगासो गंगा नदी से बरामद हुआ फतेहपुर में हत्या कर फेंका गया युवती का शव

**रायबरेली।** फतेहपुर पुलिस की अलर्ट के बाद हरकत में आई सरेनी पुलिस ने गेगासों गंगा नदी से एक युवती का शव बरामद किया है।बताया जा रहा 11 दिन पहले प्रेमी ने हत्या करके शव को गंगा नदी में फेंका था।पुलिस ने शव को फतेहपुर पुलिस को सौंप दिया है।जानकारी के अनुसार बीती 26 सितंबर को फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली 17 वर्षीय युवती के साथ उसके प्रेमी और दोस्तों ने मिलकर रेप किया।जब वह घर जाने की जिद करने लगी तो तीनों ने मिलकर उसे मार दिया।फिर उसकी लाश को बोरे में भरकर गंगा नदी में फेंक दिया।बोरे में बड़े-बड़े पत्थर भी पड़े थे,जिससे शव पानी में उतरा ना सके।आरोपियों की निशानदेही पर 11 दिन बाद बुधवार को शव को सरेनी पुलिस ने गेगासों में गंगा नदी से बरामद कर फतेहपुर पुलिस को सौंप दिया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित



आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**सुलतानपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ एवं महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में दिनांक-02 से 11 अक्टूबर 2024 के मध्य 10 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के अन्तर्गत जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली मेधावी छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं में केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा-8 में अध्ययनरत अनन्या श्रीवास्तव को भरत नाट्यम में गिनीज बुक ऑफ वल्ड रिकार्ड में स्थान प्राप्त करने के लिये, जानसी सिंह को स्टेट लेवल वालीबाल टीम में चयन के लिये, केशकुमारी बालिका इण्टर कालेज से कशिश मौर्या को गायन के लिये, रिया अग्रहरित को टेबल टेनिस के लिये व दिशा को मधुबनी पेन्टिंग कला में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) एस. सुधाकरन, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0 वर्मा, सुनीता सरोज (शिक्षिका), श्रीमती मनीषी त्रिपाठी, प्रशान्त वर्मा आदि उपस्थित रहें।

# ट्रामा सेंटर पहुंचने से पहले कारोबारी की मौत, भाजपा नेता समेत पांच पर केस दर्ज



आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**दोस्तपुर (सुल्तानपुर)।** सुल्तानपुर जिले के गोसैसिंहपुर बाजार में बुधवार रात जानलेवा हमले में घायल कारोबारी संतराम अग्रहरि की लखनऊ ट्रामा सेंटर पहुंचने से पहले मौत हो गई। रात में ही पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर भाजपा नेता समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। कारोबारी की मौत की सूचना बृहस्पतिवार सुबह व्यापारियों को मिली, जिसके बाद उनका आक्रोश बढ़ गया। बाजार में एक भी दुकान नहीं खुली। विवाद न बढ़े, इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

कारोबारी संतराम रात 8.30 बजे अपनी फास्टफूड की दुकान से घर जा रहे थे। मोतिगरपुर मोड़ के पास उन्हें बाइक से आए बदमाशों ने घेर लिया था और गोली मार दी। देर रात उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया, रास्ते में उनकी मौत हो गई। इसके पूर्व कारोबारी पर हमले के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने बाजार बंद करके जाम लगा दिया था। रात करीब 10 बजे एसपी सोमेन बर्मा ने गोसैसिंहपुर पहुंचकर व्यापारियों को समझाया था, जिसके बाद जाम खुला।

रात में ही भाजपा नेता अर्जुन पटेल, दीपक पटेल, राज वर्मा, सौरभ वर्मा व एक अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर लिया गया था। बृहस्पतिवार को कारोबारी की मौत की सूचना बाजार में आग की तरह फैल गई। व्यापारियों ने बाजार बंद करके विरोध शुरू कर दिया है। भाजपा किसान मोर्चा के नेता अर्जुन पटेल की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। बाजार में तनाव बढ़ने न पाए, इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। एएसपी अखंड प्रताप सिंह के मुताबिक बच्चों के झगड़े के बाद दोनों पक्षों में रंजिश बढ़ी थी। चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# यूपी में टूटेगा इंडिया गठबंधन? सपा उम्मीदवारों की लिस्ट आते ही तिलमिलाई कांग्रेस

आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**लखनऊ।** हरियाणा में कांग्रेस की हार के एक दिन बाद अखिलेश यादव ने यूपी में बड़ा दांव खेल दिया है। अखिलेश ने यूपी की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए 6 सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। अब कहा जा रहा है कि सपा के इस फैसले से कांग्रेस नाराज हो गई है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक अखिलेश यादव ने उम्मीदवारों के नाम घोषित करने से पहले उनसे बातचीत नहीं की। कांग्रेस सपा के साथ मिलकर यूपी में उपचुनाव लड़ना चाहती थी।

### सपा से कांग्रेस क्यों है नाराज?

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक अखिलेश ने करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर, सीसामऊ, फूलपुर और मझवां सीट पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस इन 6 में से 2 सीटों पर लड़ना चाहती थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद मझवां सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे। राय हाल ही में मझवां सीट से प्रभारी भी घोषित हुए थे। वहीं यूपी उपचुनाव में कांग्रेस की डिमांड 5 सीटों पर लड़ने की थी, लेकिन अब अखिलेश ने 6 सीटों पर नामों की घोषणा कर कांग्रेस के अरमानों पर पानी फेर दिया है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में अखिलेश कुंदरकी और मीरापुर सीट पर भी प्रत्याशी घोषित करेंगे। सपा कांग्रेस के लिए सिर्फ गाजियाबाद सदर सीट छोड़ने के मूड में है।



### अब यूपी में कांग्रेस क्या करेगी?

कांग्रेस की तरफ से अभी तक इसको लेकर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस वेट एंड वाच की स्थिति में है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सपा ने कांग्रेस को पहले कम सीटें देने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में अखिलेश 17 सीट देने को तैयार हो गए थे। कांग्रेस अब बड़े स्तर पर इस विवाद को सुलझाने का प्रयास कर सकती है। यूपी में 2024 में इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सफल रहा था।

### अब सवाल- अखिलेश ने क्यों किया खेल?

एक सवाल यह भी है कि उपचुनाव में कांग्रेस को कन्फिडेंस में लिए बिना अखिलेश यादव ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा क्यों की है? कहा जा रहा है कि अखिलेश हरियाणा में सीट न मिलने और महाराष्ट्र में पेच फंसने की वजह से यह दांव खेला है। अखिलेश की पार्टी महाराष्ट्र में कम से कम 12 सीटों पर लड़ना चाहती है। हाल ही में पार्टी की तरफ से कांग्रेस को इस बाबत सूची दी गई है। कांग्रेस ने अब तक इस पर सपा को कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है। ऐसे में सपा भी अपना दांव खेल रही है।

### किन सीटों पर नाम घोषित हुए?

सपा की तरफ से करहल से तेज प्रताप यादव, मिल्कीपुर से अजित प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा, सीसमाऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी और मझवां से ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया गया है। सपा ने कुंदरकी, खैर, मीरापुर और गाजियाबाद सदर सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। सपा सूत्रों के मुताबिक अगर कांग्रेस एक सीट लेने को राजी नहीं होती है, तो सपा अकेले ही सभी सीटों पर मैदान में उतरेगी।

# सपने में आई हॉलीवुड एक्ट्रेस सोफिया और चमक गई पान वाले की किस्मत... यहां इंदिरा गांधी और अमिताभ बच्चन भी खा चुके हैं पान

आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के सिविल लाइंस में रहने वाले ओम प्रकाश चौरसिया को हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा सोफिया लॉरेंस का सपना आया। उन्हें सोफिया लॉरेंस का सपना क्या आया, वो उसके इस कदर दीवाने हुए कि उन्होंने सोफिया लारेंस नाम से 'सोफिया लॉरेंस बीटल शॉप' खोल ली है। उन्होंने दुकान तो खोला, लेकिन सपने में आई सोफिया को भी ओम प्रकाश के दुकान का पान इतना पसंद आएगा, ऐसा उन्होंने भी नहीं सोचा था।

ओम प्रकाश की किस्मत ऐसी चमकी कि खुद सोफिया लारेंस को भी इन्होंने अपने गिलौरी पान का दीवाना बना लिया। 1920 में स्थापित पान की गिलौरी के बिग बी अमिताभ बच्चन, पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, आशुतोष राणा, राजपाल यादव, राज बब्बर, शत्रुघ्न सिन्हा, राखी सावंत जैसी जानी मानी हस्तियों ने इस पान का स्वाद चखा।




### पान की सौ से भी ज्यादा वैरायटी

ओम प्रकाश के पान की शॉप में पान की गिलौरी की सौ के वैरायटी हैं। इन वैरायटी वाले पानों की कीमत 40 रुपए से 501 रुपए तक है। ओम प्रकाश बताते हैं कि उनकी शॉप पर वैसे तो पान की प्रमुख रूप से 25 रेगुलर वैराइटी रहती हैं, लेकिन वो 100 तरह की वैराइटी वाले पान भी लगाते हैं। लोग पान की इतनी ज्यादा वैरायटी देखकर इसे काफी पसंद करते हैं। पान की 100 तरह की वैरायटी मौजूद होने के कारण लोग सोफिया पान के यहां जाना पसंद करते हैं।

### मौसम के हिसाब से बदलती है वैरायटी

इस दुकान की खासियत ये है कि यहां पर मौजूद 25 वैराइटी मौसम के हिसाब से बदलती रहती है। यहां पर सबसे सत्ता पान 40 रुपए का और सबसे महंगा पान 501 रुपए का गोल्डेन नाइट गिलौरी है। यहां पर विजिट करना नए शादीशुदा जोड़े और लव कपल्स की पहली पसंद है। इसमें गोल्डेन नाइट खास मौकों पर लोग लेकर जाते हैं। उसमें सोने का वर्क लगा रहता है।

इसके अलावा पिस्ता पान, ड्राई फ्रूट पान, फायर पान, बटरस्कॉच पान, क्रंची पान, स्ट्राबैरी, चॉकलेट, बनारसी गिलौरी, गुंडी पान, रस मलाई, बाबा 600 नंबर, केसर पान, ओरियो, ऑरेंज, मैंगो, ब्लैक करेंट, आइस पान, चॉकलेट बॉल, नवरतन किमाम, रगड़ा और जर्दा पान जैसी वैरायटी हैं। सोफिया लारेंस बीटल शॉप देश की इकलौती पान की दुकान है, जिसकी फ्रेंचाइजी भी कई शहरों में है।

### स्काउटिंग से होता है मानवता का विकास: डॉक्टर बृजेश महादेव

**सोनभद्र।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नंदना नगवा सोनभद्र में हर्षोल्लास के साथ स्काउटिंग प्रशिक्षण डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह महादेव ब्लॉक स्काउट मास्टर नगवां सोनभद्र द्वारा संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग से मानवता का विकास होता है। प्रशिक्षण में नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउटिंग का इतिहास, विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प निर्माण क्राफ्ट, कला, गांठ बंधन, बीपी 6 व्यायाम, फ्लैग सेरिमनी, टेंट निर्माण के साथ बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला सिखाई गई।

प्रशिक्षण के संरक्षक मुकुल आनंद पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र, सह संरक्षक बृजेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नगवा, संयोजक सैयद अनवर हुसैन जिला स्काउट शिक्षक सोनभद्र, सहसंयोजक वंदना कुमारी विद्यालय वार्डन के निर्देशन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

# ठाकुर बाबा मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो

**नसीराबाद,रायबरेली।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर बिरनांवा स्थित ठाकुर बाबा के मंदिर में भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा है।जिले के कोने-कोने से आए भक्त ठाकुर बाबा के दर्शन करने के लिए मंदिर में जमा हुए।मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, जो ठाकुर बाबा के दर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। भक्तों की भावनाओं को देखकर मंदिर प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है, जिसमें भक्तों के लिए भोजन, जल और अन्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

नवरात्रि के दौरान ठाकुर बाबा के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किए जा रहे हैं। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है और भक्तों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था की गई है। भक्तों ने बताया कि ठाकुर बाबा के दर्शन करने से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और उन्हें आध्यात्मिक शांति मिलती है। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से अपील की है कि वे मंदिर में आने से पहले अपनी सुरक्षा और स्वच्छता का ध्यान रखें। ठाकुर बाबा के मंदिर में नवरात्रि के दौरान भक्तों का जन सैलाब उमड़ना एक अद्वितीय और प्रेरक दृश्य है, जो भक्तों की आस्था और समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर आस्तिक नवदुर्गा ठाकुर बाबा मंदिर सेवा समिति बिरनांवा कमेटी के सदस्य कुंवर सिंह, गड्डू सिंह, नागेन्द्र जय गुरूदेव, राजेन्द्र सिंह, राम मिलन, आरपी रावत, नत्थू, दयाशंकर पुजारी, रमाकांत, शिवाकांत, आनन्द कुमार, ओम प्रकाश, पंडित कमलापति, कल्लू पासी, महेश हरिकेश समेत तमाम लोग मौजूद रहे। ठाकुर बाबा के मंदिर में नवरात्रि के दौरान भक्तों का जन सैलाब उमड़ना एक अद्वितीय और प्रेरक दृश्य है, जो भक्तों की आस्था और समर्पण को दर्शाता है।

# वेयर हाउस में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बूझाने में जुटी, दो दिन में यह दूसरी घटना

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी स्थित मड़ियांव इलाके में एक कंपनी का वेयर हाउस है। इस वेयर हाउस में बुधवार को भीषण आग लग गई है। वेयर हाउस में इलेक्ट्रॉनिक सामान रखे हुये है। आग लगने से इलेक्ट्रॉनिक सामानों में धमाके की बात भी सामने आ रही है। जिससे स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया है। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

बताया जा रहा है कि वेयर हाउस में रखी हुई फ्रिज समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की वजह से आग तेजी से बढ़ती जा रही है। वहीं धुआं अधिक होने के कारण फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



### मंगलवार को भी लग चुकी है आग

बुधवार को मड़ियांव इलाके के एक वेयर हाउस में आग लगी है। जबकि मंगलवार को राजधानी स्थित शेरपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक गोदाम में भीषण आग लग गई थी। यह आग एक इलेक्ट्रानिक गोदाम में सुबह करीब 4 बजे के बाद लगी थी। थोड़ी ही देर में आग ने भीषण रुप ले लिया था और लगभग पूरा गोदाम ही धू-धू कर जलने लगा था। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार अपराध के अमृतकाल के लिए जानी जाएगी : अखिलेश यादव

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्रीअखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार अपराध के अमृतकाल के लिए जानी जाएगी। अपराधी बेखौफ होकर घटनाएं कर रहे हैं। भाजपा सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये ने उत्तर प्रदेश को जंगलराज बना दिया है। अपहरण, हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। जौनपुर में एक युवक की अपहरण के बाद हत्या हो गयी। लखनऊ में युवती का अपहरण, सुल्तानपुर में पुलिस वाले को गोली मारी गयी। पिछले दिनों शामली में बैंक डकैती जैसी दर्जनों अपराधिक घटनाएं हर दिन हो रही है।

भाजपा ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार में पुलिस अपराधियों को पकड़ने और अपराधों पर लगाम लगाने के बजाय सरकार के इशारे पर राजनीतिक विरोधियों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों को झूठे मामलों में फंसाकर परेशान करती है। प्रताड़ति करती है। पुलिस-प्रशासन भाजपा का कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। कानून व्यवस्था ओर भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो साबित हो चुका है। सरकार आम जनता को सुरक्षा देने में नाकाम है। लोगों में भय का माहौल है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा की अराजकता और अहंकार का मुहतोड़ जवाब देगी।

# संयुक्त खण्ड विकास अधिकारियों को राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्रीकेशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा अधिकारियोंध्कर्मचारियों व विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु लगे लोगों की क्षमता संवर्धन हेतु लगातार प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा दिनांक 07 से 11 अक्टूबर, 2024 की अवधि में प्रदेश के आठ जनपदों के 23 विकास खण्डों से सहायक विकास अधिकारी के पदों से प्रोन्नति प्राप्त, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारियों हेतु, 05 दिवसीय आवासीय, “पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम” का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए प्र० अपर निदेशक राज्य ग्राम्य विकास संस्थानबी डी चैधरी ने बताया कि इन पांच दिवसों में इन सभी प्रशिक्षु



प्रतिभागी अधिकारियों के क्षमता संवर्धन के दृष्टिगत विभिन्न विषयों यथा- दैनिक कार्यालय प्रशासन, कार्यो का वगीकरण तथा प्राथमिकता निर्धारण, उ0प्र0 सरकारी सेवक आचरण नियमावली-1956, विभिन्न स्तर के शिकायत निवारण प्लेटफार्म विषयक, टी0ए0 नियम एवं एल0टी0सी0, कार्यालय के अभिलेखों का रखरखाव, अवकाश नियम, सेवा संबंधी अभिलेखों में अंकन की प्रक्रिया एवं सम्बन्धित प्रपत्र के न होने के दुष्प्रभाव, मानव सम्पदा पोर्टल, सूचना का अधिकार अधिनियम-2005, स्टोर एवं भण्डारण प्रबन्धन, अनुशासनिक कार्यवाही के अन्तर्गत लघुदण्ड एवं वृहद दण्ड, निलम्बन की अवधारणा इत्यादि प्रमुख विषयों पर राज्य स्तरीय प्रबुद्ध विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रासंगिक वार्तायें प्रदान की जा रही हैं। प्रशिक्षण के चैथे दिवस पर, ग्राम पंचायत सिंहामऊ, विकास खण्ड बख्शी का तालाब, लखनऊ में, ग्राम पंचायत के अन्तर्गत संचालित की जा रही योजनाओं के पर्यवेक्षण, अध्ययन एवं आंकलन के परिप्रेक्ष्य में एक क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्र०अपर निदेशक बी0डी0 चैधरी के मार्ग निर्देशन व उप निदेशक डा0 नीरज गुप्ता के नियन्त्रण में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रबन्धन के दृष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी डा0 एस0 के0 सिंह सहायक निदेशक, सहायक प्रभारी सरिता सिंह, सहायक निदेशक, संकाय सदस्य नवीन चन्द्र अवस्थी तथा सलाहकार कुमार दीपक का विशेषरूप से सराहनीय योगदान है।

## उत्तर प्रदेश: नगर विकास मंत्री ने दिए त्योहारों के मद्देनजर स्वच्छता और सुरक्षा के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने हाल ही में निकाय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को त्योहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। दुर्गा पूजा पंडालों, दशहरा, दीपावली और छठ पूजा स्थलों के लिए आवश्यक तैयारियां करने के लिए कहा गया। संचारी रोगों की रोकथाम, जल भराव रोकथाम और निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा, नगरीय क्षेत्रों की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने और मार्ग प्रकाश व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निकाय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी भी दी। इस वर्चुअल बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव अजय कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक जल निगम और अन्य उच्च अधिकारी शामिल हुए।

# महाकुंभ-2025 में पर्यटन विभाग द्वारा संस्कृति ग्राम तथा 10 पर्यटन सूचना केन्द्रों की स्थापना होगी

## मेला क्षेत्र में समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित 30 अस्थायी थिमैटिक गेट बनाये जायेगे

### महाकुंभ-2025 को अलौकिक तथा भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग के लिए आवंटित कार्यों पर कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी: जयवीर सिंह

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ-2025 के अलौकिक आयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रयागराज में विभिन्न बुनियादी सुविधायें सृजित की जा रही हैं। इसके तहत पर्यटन विभाग उ0प्र0 की ओर से भी कई निर्माण कार्य तथा गतिविधियां क्रियान्वयन के लिए तैयार की गयी है। इसके अंतर्गत अरैल क्षेत्र में संस्कृति ग्राम की स्थापना की जायेगी, जिसे 06 जोन में बांटा जायेगा।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति ग्राम में महाकुंभ की प्राचीन विरासत एवं गौरवगाथा तथा पौराणिक कथा पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इसमें महाकुंभ की ऐतिहासिक यात्रा, ज्योतिष विज्ञान पर प्रदर्शनी, कला संबंधी प्रदर्शनी, पाक कला व्यंजन संबंधी प्रदर्शनी तथा डिजिटल माध्यमों से कार्यशालायें आयोजित की जायेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति ग्राम की स्थापना हेतु 02 अगस्त में ईओआई आमंत्रित कर 08 फर्मों से प्रस्ताव प्राप्त किये गये हैं। चयनित डिजाइनों के अनुसार वित्तीय निविदा प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 30 अस्थायी थिमैटिक गेट की स्थापना होगी। यह गेट समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित होंगे। 30 अस्थायी थिमैटिक गेट की स्थापना हेतु 10 फर्मों से 600 गेटों की डिजाइन प्राप्त की गयी है। इनमें से चयनित गेटों की डिजाइनों के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मेला क्षेत्र में इंडिया स्टेट पवेलियन की स्थापना की जायेगी। इसकी मुख्य थीम विभिन्न राज्यों में मकर संक्रांति से बैशाखी पर्व के मध्य पड़ने वाले पारम्परिक त्यौहारों पर थीम आधारित होगी। इसके अलावा भारत के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की पर्यटन प्रदर्शनी के लिए 35 बूथ का निर्माण किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में फूड जोन, जनभागीदारी कार्यशाला का निर्माण, हस्तशिल्प बाजार का प्रदर्शन तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्टेज का निर्माण किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए 10 अस्थायी पर्यटन सूचना केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। इसके लिए एजेंसी के चयन के लिए निविदा संबंधी कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त महाकुंभ की अवधि में 02 ड्रोन-शो के आयोजन हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें।

## 51 सचल पशु चिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान इकाइयों के संचालन हेतु 76 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत बुंदेलखण्ड क्षेत्र के 07 जनपदों एवं मैनपुरी, बाराबंकी तथा बलिया में क्रियाशील 51 सचल पशु चिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान इकाइयों के संचालन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 76 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृति की है।


इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक प्रशासन एवं विकास को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरणध्व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्ययध्उपयोग उसी मदध्प्रयोजन में किया जायेगा।

# यूपी में बारिश थमी, रात के पारे में हल्की गिरावट से हवा में ठंडक घुली

**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी में मानसूनी बारिश अब विदा हो चुकी है और मौसम विभाग का कहना है कि आगे मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। वहीं, रात के तापमान में गिरावट से हवा में ठंडक घुलने लगी है। लोगों को अब अक्तूबर के गुनगुने और खुशगवार मौसम का इंतजार है।

पूर्वानुमानों के मुताबिक बुधवार को यूपी में मौसम साफ रहा। कहीं-कहीं बादलों की आवाजाही रही। अधिकांश हिस्सों में रात के तापमान में हल्की गिरावट से लोगों को राहत मिली। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अब आगे यूपी में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। इसके साथ ही अधिकांश हिस्सों में रात के तापमान में क्रमशः गिरावट देखने को मिलेगी।



बुधवार को सोनभद्र में छिटपुट बूंदाबांदी के आसार जताए गए हैं। वहीं, राजधानी लखनऊ में बुधवार को आसमान साफ रहा और धूप खिली रही। रात के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। आगे भी लखनऊ में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

## छापेमारी के दौरान 30 लीटर अवैध कच्ची शराब 250 किलोग्राम लहन बरामद

**लखनऊ।** लखनऊ में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम ने अवैध कच्ची शराब बरामद की है और इसमें लिप्त एक अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया गया है। यह जानकारी लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी,राकेश कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिषेक सिंह द्वारा आबकारी स्टाफ सहित थाना माल के अंतर्गत ग्राम नारू खेड़ा और रामनगर में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों, तालाबों के किनारे संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। दबिश के दौरान मौके से लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब और 250 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत किया गया।

# स्वंय सहायता समूहों की दीदियां बना रही हैं, मनरेगा के तहत सिटीजन इनफार्मेशन बोर्ड

**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा प्रदेश में मनरेगा के तहत सीआईबी बोर्ड बनाये जा रहे हैं ।मनरेगा का कार्य आरंभ होने से पूर्व सभी कार्यस्थलों पर स्थापित किए जाने वाले सीआईबी बोर्ड का निर्माण स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करती हैं।

इस कार्य से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आय में बढ़ोतरी होती है, जिससे महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रहीं हैं और उनका आत्मसम्मान भी बढ़ रहा है।प्रति वर्ष स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वृहद स्तर पर सीआईबी बोर्ड का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाएं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में सक्रिय सहभागिता कर रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायती समूहों के माध्यम से मनरेगा योजनांतर्गत निर्मित होने वाले परिसम्पत्तियों पर नागरिक सूचना पट्टिका का निर्माण किया जा रहा है, इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आजीविका में संवर्धन हो रहा है।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2023-24 में प्रदेश में ग्रामीण आजीविका मिशन के 1100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों की 5000 से ज्यादा महिलाओं द्वारा 5 लाख से ज्यादा नागरिक सूचना बोर्ड निर्मित किये गये।वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक ग्रामीण आजीविका मिशन के 1200 स्वयं सहायता समूहों की 5600 महिलाओं द्वारा लगभग 3 लाख नागरिक सूचना बोर्ड निर्मित किये जा चुके हैं,इससे ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ उद्यमिता की भावना भी विकसित हो रही है। मनरेगा योजनान्तर्गत परिसंपत्तियों के सृजन में प्रयुक्त होने वाले सीआईबी बोर्ड की आपूर्ति महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से करने के निर्देश हैं।

सिटीजन इनफार्मेशन बोर्ड में ग्राम पंचायत का नाम, विकास खण्ड, जनपद का नाम,कार्य की आई डी,कार्य की अनुमानित लागत,कार्य प्रारंभ करने की तिथि,कार्य पूर्ण होने की तिथि,मानव दिवस, मजदूरी आदि का उल्लेख किया जाता है। ग्राम्य विकास आयुक्तजी एस प्रियदर्शी ने बताया कि कार्यस्थल पर लगने वाले सीआईबी बोर्ड के निर्माण हेतु संबंधित समूह को समय से आर्डर दिया जाता है, ताकि कार्य आरंभ होने से पूर्व सभी कार्य स्थलों पर निर्धारित मानकों के अनुसार सीआईबी बोर्ड स्थापित किया जा सके।

# जरूरतमंद कैदियों में वस्त्र व नज़र के चश्मे वितरित

**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम लखनऊ के तत्वावधान में आज ज़िला कारागार लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में कैदियों को कपड़े और नज़र के चश्मे बाटें गए।

समारोह में जुर्माना न अदा कर पाने की स्थित में जेल में बंद 4 कैदियों का जुर्माना अदा कर रिहा कराया गया, इसके अलावा जिला कारागार में बंद ज़रूरतमंद कैदियों को कपड़ों के साथ 85 कैदियों को नजर के नि;शुल्क चश्में भी बांटे गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम सन 1974 से मानवता की सेवा में कार्यरत संस्था है, मैं इस संस्था की कार्यशैली से काफी प्रभावित हूं, क्योंकि ये संस्था समाज में ऊंच नीच जात पात और धर्म का फर्क किए बिना सिर्फ मानवता की सेवा के लिए




कार्यरत है। बलरामपुर अस्पताल के पूर्व डायरेक्टर डॉ. राजीव लोचन ने कहा कि आज समाज में इस तरह के काम करने वाली संस्थायें बहुत कम हैं। ऐसे कार्यक्रमों से हमारा देश और समाज दोनों उन्नति के शिखर पर पहुंचते हैं। संस्था के कोऑर्डिनेटर मौलाना अब्दुल अली हसनी नदवी ने कहा कि एक बेहतर समाज बनाने के उद्देश्य के साथ इस संस्था को आज से 58 साल पहले संगम नगरी इलाहाबाद से शुरू किया गया था और हम सब जानते हैं कि संगम हमारे देश की एकता का प्रतीक भी है जैसे संगम में गंगा जमुना और सरस्वती आपस में मिल कर एक हो जाती हैं वैसे ही देश के सभी धर्मों के लोग आपस में अगर मिल कर रहें और देश की उन्नति के लिए, मानवता के लिए कार्य करें बिना किसी भेदभाव के तो निश्चित ही हम एक बेहतर समाज एक बेहतर देश बना सकते हैं जो सम्पूर्ण विश्व के लिए एक उदाहरण होगा। मो0 शफीक चौधरी ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा, मृत्युंजय कुमार पाण्डेय कारापाल, ऋतविक प्रियदर्शी, सुरेंद्र मोहन सिंह, सुनील दत्त मिश्रा, आरती पटेल उप कारापाल, अजय कुमार कुलवंत, कुँवर वीरेंद्र विक्रम सिंह, तारकेश्वर सिंह, आशुतोष मिश्रा, राम प्रताप मिश्रा, राम प्रताप प्रजापति, निधि यादव, सुमन यादव, अंशु, हरकेश सिंह, डॉ0 रियाज़ अहमद और मदरसा नदवा तुल उलेमा के छात्र अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चार सेटों में पेपर के लिए लाया जाएगा अध्यादेश, अधिनियम में संशोधन की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) भर्ती परीक्षाओं को फूलप्रूफ बनाने के लिए चार सेटों में प्रश्नपत्र प्रकाशित करवाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग अधिनियम में संशोधन करना होगा। इस संबंध में शीघ्र ही अध्यादेश लाने के लिए उच्चस्तर पर सहमति बन गई है। इसलिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। इससे माना जा रहा है कि लोकसभा आयोग की हाल ही में कराई जाने वाली परीक्षाएं टल भी सकती हैं। इस संबंध में अमर उजाला पहले ही 8 अगस्त को प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर चुका है। यूपी में समूह ‘क’ और ‘ख’ के पदों पर भर्ती का अधिकार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पास है। लोकसेवा आयोग ने फरवरी 2024 में आयोजित कराई गई सहायक समीक्षा अधिकारी और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा की शुचिता को ध्यान में रखते हुए इन्हें रद्द कर दिया था।

# महाकुंभ-2025 में पर्यटन विभाग द्वारा संस्कृति ग्राम तथा 10 पर्यटन सूचना केन्द्रों की स्थापना होगी

## मेला क्षेत्र में समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित 30 अस्थायी थिमैटिक गेट बनाये जायेगे

### महाकुंभ-2025 को अलौकिक तथा भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग के लिए आवंटित कार्यों पर कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी

**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ-2025 के अलौकिक आयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रयागराज में विभिन्न बुनियादी सुविधायें सृजित की जा रही हैं। इसके तहत पर्यटन विभाग उ0प्र0 की ओर से भी कई निर्माण कार्य तथा गतिविधियां क्रियान्वयन के लिए तैयार की गयी है। इसके अंतर्गत अरैल क्षेत्र में संस्कृति ग्राम की स्थापना की जायेगी, जिसे 06 जोन में बांटा जायेगा।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति ग्राम में महाकुंभ की प्राचीन विरासत एवं गौरवगाथा तथा पौराणिक कथा पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इसमें महाकुंभ की ऐतिहासिक यात्रा, ज्योतिष विज्ञान पर प्रदर्शनी, कला संबंधी प्रदर्शनी, पाक कला व्यंजन संबंधी प्रदर्शनी तथा डिजिटल माध्यमों से कार्यशालायें आयोजित की जायेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति ग्राम की स्थापना हेतु 02 अगस्त में ईओआई आमंत्रित कर 08 फर्मों से प्रस्ताव प्राप्त किये गये हैं। चयनित डिजाइनों के अनुसार वित्तीय निविदा प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 30 अस्थायी थिमैटिक गेट की स्थापना होगी। यह गेट समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित होंगे। 30 अस्थायी थिमैटिक गेट की स्थापना हेतु 10 फर्मों से 600 गेटों की डिजाइन प्राप्त की गयी है। इनमें से चयनित गेटों की डिजाइनों के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मेला क्षेत्र में इंडिया स्टेट पवेलियन की स्थापना की जायेगी। इसकी मुख्य थीम विभिन्न राज्यों में मकर संक्रांति से बैशाखी पर्व के मध्य पड़ने वाले पारम्परिक त्यौहारों पर थीम आधारित होगी। इसके अलावा भारत के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की पर्यटन प्रदर्शनी के लिए 35 बूथ का निर्माण किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में फूड जोन, जनभागीदारी कार्यशाला का निर्माण, हस्तशिल्प बाजार का प्रदर्शन तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्टेज का निर्माण किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए 10 अस्थायी पर्यटन सूचना केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। इसके लिए एजेंसी के चयन के लिए निविदा संबंधी कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त महाकुंभ की अवधि में 02 ड्रोन-शो के आयोजन हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें।

# 'लोग क्या कहेंगे' की सोच से बचें, परामर्श व उपचार से मानसिक रूप से स्वस्थ बनें

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर) पर विशेष**

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का इस साल का विषय है-"कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य।" विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से भी इसकी गंभीरता को समझा जा सकता है**



**मुकेश कुमार शर्मा**



**आज की** भाग दौड़ भरी जिन्दगी और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने लोगों की जीवनशैली को सीधे तौर पर प्रभावित किया है। एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लोगों के पास न तो समय से खाने और न ही सही से सोने का वक्त है। शारीरिक श्रम से भी नाता टूट चुका है। इस कारण मानसिक विकार लोगों को कम उम्र में ही घेरने लगे हैं। आम जनमानस को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए ही हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, जिसका मूल मकसद लोगों को यह बताना है कि कुछ जरूरी टिप्स अपनाकर शारीरिक के साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ जीवन यापन कर राष्ट्र के विकास में भागीदार बना जा सकता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का इस साल का विषय है-"कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य।" विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से भी इसकी गंभीरता को समझा जा सकता है, जो बताती है कि मानसिक विकारों यानि अवसाद और चिंता के कारण विश्व में प्रत्येक वर्ष करीब 12 अरब कार्यदिवसों का नुकसान होता है।

कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कई कारकों के बीच सबसे अहम् होता है सुपरवाइजर, जिसका मुख्य दायित्व होता है कार्यस्थल पर तनावमुक्त वातावरण की स्थापना करना। इसके लिए कर्मचारी को प्रोत्साहन देना, रणनीतिक सहयोग देना, समस्याओं के समाधान के लिए साथ मिलकर काम करना तथा सभी के चेहरे पर मुस्कान लाना अहम् है। सुपरवाइजर में छिपे दो महत्वपूर्ण शब्द 'सुपर' और 'वाइज' के महत्व को सही से समझना आवश्यक है। यहाँ सुपर का मतलब है अपने अहम् से ऊपर उठकर सहयोग करना और वाइज का मतलब है हर वह प्रयास करना जिससे कार्यस्थल एक खुशियों से भरी जगह के रूप में जाना जाये, जहाँ लोग चेहरे पर मुस्कान के साथ आएं और मुस्कुराते हुए वापस घर जाएँ और यकीन मानिये इस मुस्कान का सीधा और गहरा सम्बन्ध मानसिक स्वास्थ्य के साथ है।

मानसिक अस्वस्थतता के प्रमुख लक्षण इस प्रकार हैं, जैसे- नींद कम आना, उलझन, घबराहट, हीन भावना से ग्रसित होना, जिन्दगी के प्रति नकारात्मक सोच का विकसित होना, एक ही विचार मन में बार-बार आना, एक ही कार्य को बार-बार करने की इच्छा होना, अनावश्यक डर लगना, शक होना, कानों में आवाज आना, मोबाइल और नशे की लत होना आदि। इस तरह के लक्षण नजर आने पर चिकित्सक से परामर्श जरूर लेना चाहिए ताकि बीमारी को जल्दी से जल्दी दूर किया जा सके। इसको लेकर कोई भ्रम या भ्रान्ति मन में नहीं पालनी चाहिए। यह भी जानना जरूरी है कि चिंता या तनाव किसी भी समस्या का समाधान कदापि नहीं हो सकता है, उल्टे यह कई अन्य दिक्कतों को जरूर पैदा कर सकता है। चिकित्सकों का स्पष्ट कहना है कि चिंता और तनाव से सिर दर्द, माइग्रेन, उच्च या निम्न ब्लड प्रेशर, हृदय से जुड़ी समस्याएं, मोटापा और चिडचिडापन की समस्या पैदा हो सकती है। इसके लिए जरूरी है कि तनाव व चिंता पैदा करने वाले कारणों से दूर रहें। किसी भी प्रकार का नशा भी आपको मानसिक रोगी बना सकता है। लंबे समय तक रहने वाली शारीरिक बीमारियां भी मानसिक रोगों को उत्पन्न करती हैं। ऐसे में मानसिक रूप से अस्वस्थ को तनाव, अवसाद, गहन चिंता आदि को नियंत्रित करना चाहिए और नियमित स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान देना चाहिए और पूरी नींद लेनी चाहिए।

मानसिक परेशानी किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। यह समस्या तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रही है जिससे बचने के लिए उन्हें खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि समय से समस्या का निदान किया जा सके। ऐसी समस्याओं को बताने की जरूरत है न कि छिपाने की। चिकित्सकीय परामर्श व उपचार की जरूरत है। शुरुआती अवस्था में केवल काउंसलिंग से ही अधिकतर मानसिक विकार दूर हो जाते हैं। सामाजिक भेदभाव के कारण भी मानसिक विकार को लोग छिपाते हैं और मनोचिकित्सक के पास जाने से कतराते हैं क्योंकि वह सोचते हैं कि 'लोग क्या कहेंगे।' आज के दिवस पर यह संकल्प लेने की जरूरत है कि लोग क्या कहेंगे जैसी झिझक को पूरी तरह से हम दूर करेंगे और एक सम्पूर्ण स्वस्थ समाज बनाने में भागीदार बनेंगे।

इसके अलावा किशोरावस्था बदलाव का वह दौर होता है जब शारीरिक के साथ ही मानसिक बदलाव का सामना बच्चों को करना पड़ता है। इस दौरान सही तरीके से परामर्श न मिलने से बच्चे चिड़चिडे स्वभाव के हो जाते हैं, जिससे उनके मानसिक और व्यावहारिक बर्ताव में बदलाव देखने को मिलता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन कर रही है, जिसके तहत बच्चों के समग्र विकास का ध्यान रखा जाता है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों में इस तरह का बदलाव देखें तो उनको सरकारी योजनाओं से जोड़कर आगे बढ़ने के लिए जरूर प्रेरित करें। संपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि किशोरों को संतुलित खानपान, नियमित रूप से व्यायाम करने के साथ ही उन्हें अकेले न रहने दिया जाए तथा सकारात्मक विचार रखने में उनकी मदद की जाए।

**(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)**

## इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू को भारत की शरण में क्यों आना पड़ा?

**भारत** के साथ संबंधों के प्रति मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का बदला हुआ दृष्टिकोण कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मालदीव की राजनीति में अक्सर देखने को मिलता है कि चुनाव अभियानों के दौरान राजनेता जो बयानबाजी करते हैं, वह आधिकारिक नीतिगत निर्णयों में तब्दील नहीं होती। मुइज्जू को राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत की अहमियत समझ आ चुकी है। कर्ज में डूबे अपने देश को उबारने के लिए मुइज्जू को भारत की मदद की सख्त जरूरत है इसलिए चुनावों में इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू भारत की शरण में आये हैं। चीन की यात्रा के दौरान ढेरों आश्वासन मिलने के बावजूद मुइज्जू अपने देश के लिए कुछ ठोस हासिल नहीं कर पाये इसलिए भारत से मदद मांगने आये हैं। हम आपको बता दें कि मालदीव पर बड़ा आर्थिक संकट मंडरा रहा है इसलिए वह चाहता है कि भारत ऋण भुगतान को थोड़ा आसान बना दे। अपनी भारत यात्रा से ठीक पहले मुइज्जू ने अपने देश को वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि दिल्ली द्वीप राष्ट्र की वित्तीय स्थिति से 'पूरी तरह परिचित' है और माले के सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक के रूप में 'बोझ को कम करने' के लिए हमेशा तैयार रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत और मालदीव ने 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर जो समझौता किया है उससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी।

हम आपको यह भी बता दें कि अभी पिछले महीने ही वैश्विक एजेंसी मूडीज़ ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग यह कहते हुए घटा दी थी कि 'डिफ़ॉल्ट जोखिम बढ़ गए हैं'। दरअसल मालदीव को ऋण भुगतान में चूक का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 440 मिलियन डॉलर हो गया है, जिससे कि सिर्फ डेढ़ महीने तक ही वस्तुओं का आयात किया जा सकता है। गौरतलब है कि यह द्विपीय राष्ट्र खाने पीने से लेकर अपनी तमाम जरूरतों के लिए विदेशों से सामान आयात करता है। विदेशों से सामान आयात करने के लिए उसे डॉलर की जरूरत है। विदेशी कर्ज चुकाने के लिए भी उसे डॉलर की जरूरत है। इसलिए मालदीव के सामने मुश्किल यह है कि वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में पड़े डॉलरों से कर्ज चुकाये या अपनी जनता के लिए जरूरत का सामान मंगवाये। इसके अलावा मालदीव को अपने यहां बुनियादी ढांचे में निवेश की भी जरूरत है ताकि जनता के जीवन स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके लिए भी भारत पहले ही मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश कर चुका है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है। मुइज्जू को अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आश्वासन मिला था कि वह बड़ी संख्या में चीनियों को मालदीव में पर्यटन के लिए भेजेंगे लेकिन चीन से कोई नहीं आया। बताया जाता है कि मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 50,000 की गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप देश को लगभग 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इसलिए मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने भारत दौरे के दौरान कहा है कि वह मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।


हम आपको यह भी याद दिला दें कि मुइज्जू ने परोक्ष रूप से भारत पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि इस छोटे से देश को 'धमकाने का लाइसेंस' किसी के पास नहीं है। उन्होंने भारत के लिए अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस बुलाने के लिए 15 मार्च की समय सीमा भी तय की थी। मगर अब मुइज्जू भारत को साथ लेकर चलना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने कहा है कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा कमजोर हो। उन्होंने कहा है कि भारत मालदीव का एक मूल्यवान भागीदार और मित्र है और हमारा संबंध आपसी सम्मान और साझा हितों पर बना है। उन्होंने कहा है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपना सहयोग बढ़ाते हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे कार्यों से हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से समझौता नहीं हो। जहां तक मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान मालदीव को हुए लाभ की बात है तो आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मिलकर अपने देश में रूपे कार्ड को डिजिटल रूप से जारी किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जतायी। चार दिवसीय राजकीय दौरे पर आए मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान भारत ने मालदीव को 700 से अधिक सामाजिक आवास भी सौंपे। इसका निर्माण एक्जिम बैंक (भारतीय निर्यात-आयात बैंक) की खरीदार कर्ज सुविधा के तहत किया गया है। मोदी ने मुइज्जू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी ऐलान किया कि अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी।

**संपादक की कलम से** — **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर) पर विशेष**

# शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य का भी रखें ख्याल



**प्रभात पांडेय**




**हमारे** देश में आज भी ज्यादातर लोग शारीरिक समस्या को ही रोग मानते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान कम ही दिया जाता है। पूरी तरह सेहतमंद रहने के लिए जरूरी है कि शरीर के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य भी सही रहे। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में काम का प्रेशर और समय की कमी इस कदर हावी हो चुके हैं कि मेंटल हेल्थ गड़बड़ा रही है। ऐसे में केवल वयस्क ही नहीं बच्चे भी मानसिक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। र साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में, दुनियाभर में 970 मिलियन (97 लाख) से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य विकारों से पीड़ित थे, जिनमें चिंता और अवसाद जैसी बीमारियां सबसे प्रमुख देखी जा रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हर छह में से एक व्यक्ति को किसी न किसी तरह की मेंटल हेल्थ की समस्या हो सकती है। ये स्थितियां सामान्य आबादी की तुलना में पीड़ितों की आयु 10 साल तक कम कर सकती हैं। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर होने का जोखिम रहता है।

मेंटल हेल्थ से गुजर रहे लोग डिप्रेशन, स्ट्रेस, एंजाइटी परेशानियों से गुजरते हैं और ऐसे में मरीज के साथ अच्छा और इमोशनली व्यवहार उसके इलाज में मदद कर सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऑफिस में काम करने वाले लोगों में मानसिक स्वास्थ्य विकारों के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ हालिया रिपोर्ट्स में कथित तौर पर इसी वजह से मौत के मामले भी सामने आए थे।

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के साथ सामाजिक कलंक की भावना दूर के लिए इस साल विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम है- इट्स टाइम टू प्रयोरिटाइज मेंटल हेल्थ एट वर्कप्लेस यानी कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दिया जाना जरूरी है।

हम सभी आए दिन मेंटल हेल्थ पर बात करते हैं, इसकी जरूरत और गंभीरता को समझते हैं लेकिन फिर भी अपना मानसिक ख्याल रखने के लिए कुछ खास कदम नहीं उठाते। तनाव, दुख, एंजाइटी और उदासी कुछ ऐसी चीजें हैं जो व्यक्ति के जीवन को कई तरीकों से प्रभावित करती हैं। खुद में हमेशा गलतियां ढूंढना, अपनी मनपसंद चीजों से दूर भागना, तनाव से अपनी सेहत पर ध्यान ना देना और लोगों से दूर जाने की कोशिश करना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए चिंतनीय है। निम्न कुछ ऐसे टिप्स हैं जो आपको अपनी मानसिक सेहत का ख्याल रखने में मदद करेंगे।

जिस तरह बुरी आदतें आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं, उसी तरह कुछ बुरी आदतें आपके मानसिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। ये आदतें आपके डिप्रेशन के खतरे को बढ़ा सकती हैं, या आपको ज्यादा चिंतित या तनावग्रस्त महसूस करा सकती हैं। बुरी आदतों की वजह से आपकी ज़िदगी से खुशियां गायब हो सकती हैं। सब जानते हैं कि बुरी आदतें आपको बीमार बना सकती हैं, लेकिन फिर भी कई बार इसकी परवाह नहीं होती। तो कई बार हम अनजाने में बुरी आदतों की चपेट में आ जाते हैं। अक्सर ये बुरी आदतें मानसिक तनाव या स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। जब हम कुछ तनावपूर्ण या अच्छा महसूस नहीं करते हैं तो हम गुस्सा करते हैं और धीरे-धीरे यह एक आदत बन जाती है।

अक्सर देखा जाता है कि जो व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर है, वो अक्सर अपने व्यवहार पर काबू नहीं रख पाता है। गुस्सा, चिड़चिड़ापन, कभी इंट्रोवर्ट हो जाना, बात बात पर रोना, चिल्लाना उसकी आदतों में शुमार हो जाता है। बिगड़े हुए मानसिक स्वास्थ्य के कारण पुरुषों के द्वारा सुसाइड करने के कई केसेस सामने आते हैं। हमारे समाज में महिलाएं तो खुलकर अपनी भावनाएं प्रकट कर पाते हैं। लेकिन पुरुषों को मानसिक रूप से मजबूत होने की उम्मीद की जाती है। यह एक स्टीरियोटाइप है, जिस कारण पुरुष खुलकर अपनी मानसिक समस्याएं किसी के सामने नहीं कह पाए।

हमारे समाज में आज भी पुरुषों के ऊपर जिम्मेदारियां का ज्यादा दबाव रहता है इतने दबाव में होने के बाद भी अपने भीतर के संघर्षों को वह सबसे छुपाने का प्रयास करते हैं कभी-कभी पुरुषों में स्वयं मानसिक स्वास्थ्य साक्षरता की कमी होती है यानी वह अपनी भावनाओं को पहचान और वर्णन करने में उतने सक्षम नहीं होते। मानसिक स्वास्थ्य खराब हो तो पुरुष अक्सर गुस्सा रहते हैं। छोटी-छोटी बातों पर बहुत जल्दी प्रतिक्रिया देते हैं या फिर बहुत ज्यादा ही निराश रहते हैं। इनका स्वभाव कब बदल जाए इस बात का कोई पता नहीं होता। यदि कोई पुरुष मानसिक रूप से बीमार होता है तो वह सामाजिक मेल-जोल से दूरी बनाता है और अकेले समय बिताने की कोशिश करता है। अपने परिवार दोस्त सभी से वह धीरे-धीरे दूर होने लगता है। मानसिक रूप से पीड़ित पुरुष आत्महत्या करने की भी सोच सकता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (NIMH) के अनुसार 20 से 24 वर्ष की आयु की युवा वयस्कों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की आत्महत्या से मरने की संभावना 5 गुना अधिक है क्योंकि पुरुष सुसाइड करने के लिए बहुत ही घातक तरीकों का प्रयोग करते हैं, जिसमें उनके मरने की संभावना अधिक हो जाती है।

समय के साथ हमारे समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके काम का तरीका काफी बदल गया है पहले जब घर का काम ही महिलाओं का मुख्य काम था तब भी उनकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का पर्याप्त ध्यान दिया जाता था लेकिन आज भाग दौड़ भरी जिंदगी में महिला प्रोफेशनल क्षेत्र में अपनी जगह बना रही है या उनके स्वास्थ्य और मानसिक समृद्धि के लिए एक बड़ी चुनौती है। विशेषज्ञ ने महिलाओं के शारीरिक या मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से संबंधित चेतावनी के संकेत बताए, रिपोर्ट्स बताते हैं कि महिलाओं में मानसिक तनाव के आंकड़े बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

मानसिक रूप से स्वस्थ और सेहतमंद रहने के लिए खानपान के साथ अच्छी नींद बेहद जरूरी है। दरअसल, कई लोग इस बात का महत्व नहीं समझते कि नींद हमारे स्वास्थ्य के लिए कितनी जरूरी है। इसलिए देर रात तक फोन चलाते हैं या टीवी देखते रहते हैं। ये आदत उनकी सेहत को बिगाड़ सकती है। नींद पूरी न होने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं। इससे थकान, चिड़चिड़ापन, आलस और एंग्जायटी जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। हेल्थलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, रोज रात में देर से सोने से नींद का अभाव होने लगता है। दरअसल, जो लोग सुबह जल्दी उठते हैं उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती है। इससे उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर गलत असर पड़ता है। इसलिए, एक स्वस्थ व्यक्ति को रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। मानसिक रोगों का इलाज संभव है, लेकिन इसके लिए सही दवाइयों, लाइफस्टाइल में बदलाव और प्रिवेंशन मेथड्स की जरूरत होती है। नियमित योगा, मेडिटेशन और एक्सरसाइज मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हैं। खानपान पर ध्यान देना और अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना भी मानसिक रोग से उबरने में मददगार साबित होता है। भागदौड़ भरी जिंदगी ने जीवन में तनाव भर दिया है।

**अजब-गजब**

## 'अब ये क्या नया बवाल है', मोमो के नाम पर दिल्ली के स्ट्रीट वेंडर ने ये क्या बना दिया




अगर आपको लगता है कि खाने-पीने की चीजों के साथ तमाम तरह के प्रयोग हो चुके हैं, तो भैया आप बिल्कुल गलत हैं। क्योंकि, आप सभी के फेवरेट मोमो के साथ दिल्ली एक स्ट्रीट फूड वेंडर ने कुछ ऐसा ऊटपटांग प्रयोग कर दिया, यूं कहें कि अत्याचार किया कि देखकर इंटरनेट की पब्लिक का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। लोग वेंडर को कोसते हुए कह रहे हैं कि मोमो के नाम पर ये क्या नया बवाल बना दिया।

सोशल मीडिया पर अक्सर यह आरोप लगते रहे हैं कि दिल्ली-NCR के स्ट्रीट फूड वेंडर्स मोमो के साथ अतरंगी प्रयोगों के लिए कुख्यात हैं। यही वजह है कि आज आप तंदूरी, चॉकलेट और कुरकुरे मोमो जैसी चीजें भी देख पा रहे हैं। लेकिन एक वेंडर ने तो इस प्रयोग को नेक्स्ट लेवल पर पहुंचा दिया है।

ताजा मामला दिल्ली के विवेक विहार का है, जहां एक मोमो वाले भैया लोगों को फ्रूट मोमोज बनाकर सर्व कर रहे हैं। जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा है।@realfoodler इंस्टा अकाउंट से शेयर हुए वीडियो में वेंडर इस विवादित डिश को तैयार करते हुए नजर आता है। वीडियो में वेंडर को फलों, दूध, लिक्विड चीज और क्रीम सहित की तरह की सामग्रियों को मिलाते हुए दिखाया गया है। इसमें उसने काली मिर्च और ओरेगैनो भी डाला है। इसके बाद वह तले हुए पनीर मोमोज डालकर ग्राहक को यह डिश सर्व करता है।

फूड व्लॉगर ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा है, भारत का पहला फ्रूट मोमो, जिसमें चार तरह के फल हैं। विक्रेता का दावा है कि पूरे दिल्ली में इतना स्वादिष्ट मोमो कहीं नहीं मिलेगा। इसे उसने खास तौर पर फिटनेस लवर्स के लिए बनाया है। हालांकि, मेकिंग देखकर पब्लिक ने इसे जहर करार दिया है। एक यूजर न कमेंट किया, मोमो भी सोच रहा होगा कि मेरी शक्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा, इसमें बारूद डालना तो भूल ही गए भैया। वहीं, तीसरे यूजर ने कमेंट किया, लोकेशन पता चल गया है। परसों से नहीं दिखेगा।

# लखीमपुर खीरी में बीजेपी एमएलए को वकील ने पीटा, पुलिस की मौजूदगी में मारपीट



आर्यावर्त संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में भारतीय जनता पार्टी के विधायक योगेश वर्मा के साथ मारपीट की गई है। पुलिस के सामने जिला बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह और उनके समर्थकों ने विधायक के साथ मारपीट की। जिस समय ये घटना हुई, वहां पुलिस भी मौजूद थी। पुलिसकर्मी विधायक को बचाकर वहां से दूर ले गए। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### को-ऑपरेटिव बैंक के चुनाव से जुड़ा मामला

मारपीट का यह मामला लखीमपुर खीरी में अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति के चुनाव से जुड़ा बताया जा रहा है। आरोप है कि लखीमपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक में बीते कई सालों से चुनाव गुपचुप तरीके से हो जाते हैं। इस बार भी ऐसा ही करने की कोशिश की जा रही थी। लेकिन, डेलीगेट और चेयरमैन के दावेदारों ने इसको लेकर काफी विरोध जताया था।

वीडियो में दिख रहा है कि विधायक योगेश वर्मा सड़क पर आ रहे हैं। इसी बीच, जिला बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह वहां पहुंचते हैं और विधायक को थप्पड़ मार देते हैं। इस पर विधायक भी भड़क जाते हैं और वह भी मारने के लिए बढ़ते हैं। तभी अवधेश सिंह के समर्थक वहां पहुंच जाते हैं और विधायक के साथ मारपीट करने लगते हैं। हालांकि, वहां मौजूद पुलिसकर्मी बीच-बचाव करते हुए शख्स को दूर ले जाते हैं।

### 14 अक्टूबर को होना है मतदान

विधायक का आरोप है कि जिला बार संघ के अध्यक्ष अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध समिति के चुनाव में धांधली करके अपनी पत्नी को चेयरमैन बनवाना चाहते हैं। दरअसल, अवधेश सिंह की पत्नी पहले भी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध समिति की चेयरमैन रह चुकी हैं। बैंक के लगभग 10,000 से अधिक शेयर होल्डर वोटिंग के जरिए डेलीगेट और चेयरमैन चुनते हैं। इसको लेकर बुधवार से नामांकन होना था। वहीं, 10 अक्टूबर नामांकन वापसी की तारीख है। 11 को अंतिम सूची का प्रकाशन होना है। 14 अक्टूबर को मतदान होगा।

### विधायक योगेश वर्मा ने लगाया आरोप

बुधवार को तीन बजे तक प्रत्याशियों के आपत्तियों का निस्तारण किया जाना था। इसको लेकर नोटिस चिपकाया गया था, जिसे किसी ने फाड़ दिया। इस बात का पता लगते ही विधायक योगेश वर्मा वहां पहुंचे और आपत्ति जताई। विधायक योगेश वर्मा के मुताबिक, चुनाव में धांधली की कोशिश की जा रही है। अवधेश सिंह अपनी पत्नी को गुपचुप तरीके से प्रबंध समिति का चेयरमैन बनवाना चाहते हैं।

### देर रात तक नहीं की गई थी चुनाव की तैयारी

आज 9 अक्टूबर को डेली गेट का नामांकन था, लेकिन इसको लेकर 8 अक्टूबर की देर रात तक किसी प्रकार की कोई तैयारी नहीं की गई थी। इसकी पोल तब खुली, जब सदर एसडीएम सीओ सिटी बैंक परिसर पहुंचे और अधिकारियों से प्रपत्र मांगे, तो बैंक अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पाए। अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन चुनाव को लेकर गुटबाजी साफ दिख रही है। एक तरफ सदर विधायक का गुट है, तो दूसरी तरफ जिला बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह का। अवधेश सिंह अपनी पत्नी को प्रबंध समिति का चेयरमैन बनवाना चाहते हैं।

## फौजी से चौकी इंचार्ज ने ली 20 हजार रुपये रिश्वत, एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ किया गिरफ्तार



आर्यावर्त संवाददाता

**बदायूं।** बदायूं में एंटी करप्शन टीम ने बुधवार दोपहर कादरचौक के भूड़ा भदरौल चौकी इंचार्ज हरगोविंद सिंह यादव को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। उझानी रोड पर रामचंद्र शास्त्री मेमोरियल इंटर कॉलेज के सामने चतुरीनगला-शाहपुर मोड़ पर जैसे ही चौकी इंचार्ज ने रिश्वत ली। एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को पकड़ लिया और गाड़ी में बैठाकर उझानी थाने ले आई।

कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव भुड़िया के रहने वाले ओमकार सिंह फौज में हैं। उनका भाई से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों में कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। जिस पर चौकी प्रभारी ने दोनों को हिरासत में लेकर चौकी पर बैठा लिया। ओमकार के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया था। जबकि उनके भाई को छोड़ दिया था। चौकी इंचार्ज ने ओमकार का मुकदमा खत्म कर भाई पर कार्रवाई के लिए 50 हजार रुपये की मांग की थी। 20 हजार रुपये में मामला तय हो गया। ओमकार ने चौकी प्रभारी की करतूत एंटी करप्शन टीम को बताई। इधर, ओमकार को चौकी इंचार्ज लगातार कॉल कर रहे थे। चौकी इंचार्ज ने रुपये देने के लिए उसे बुधवार को बुलाया था। इधर, एंटी करप्शन की टीम ने अपना जाल सुबह से ही बिछा रखा था।

### मनरेगा से बनवाएं विद्यालय तक एप्रोच मार्ग: डीएम

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उन्होंने विद्यालयों के ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर्स के कार्यों में रनिंग वाटर, दिव्यांग व बालक बालिका शौचालय, विद्युतीकरण, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल निर्माण, टाइल्स का कार्य, स्वीकृत निर्माण कार्य, विद्यालयों का निरीक्षण, सुपरविजन, प्रशिक्षण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कायाकल्प के कार्य, आईवीआरएस प्रणाली, पीएम पोषण, निपुण भारत अभियान आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम है वहां पर शिक्षकों को सख्त निर्देश दे कि छात्र संख्या बढ़ाएं। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन विद्यालय के लिए एप्रोच रोड नहीं है उनमे मनरेगा योजना से तत्काल मार्ग निर्माण कार्य कराया जाए।

## ट्रैक्टर ट्रॉली में ऐसी जगह छिपा दी शराब, ढूंढते-ढूंढते पुलिस का चकराया माथा, फिर तस्कर ने खुद बताई वो खुफिया जगह

आर्यावर्त संवाददाता

**जमानिया।** बिहार में भले ही शराबबंदी हो, लेकिन अपराधी नए-नए पैंतरे अपनाकर शराब तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। अपराधी उत्तर प्रदेश से शराब की खेप बिहार ले जाकर महंगी कीमतों पर बेच रहे हैं। ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश के जमानिया से आया है, जहां पर पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है, जोकि ट्रैक्टर ट्रॉली से शराब लेकर जा रहा था। इस तस्कर ने शराब ले जाने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में खुफिया जगह बना रखी थी। ट्रैक्टर ट्रॉली से पुलिस ने शराब की 31 पेटी बरामद की है।




पुलिस को जानकारी मिली थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से शराब की खेप बिहार ले जाई जा रही है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ट्रैक्टर से कुछ नहीं मिला। फिर पुलिस ट्रैक्टर को थाने पर लेकर आई। पुलिस ने ट्रैक्टर के ड्राइवर पर दबाव बनाया, लेकिन वह आनाकानी करता रहा। फिर उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने जो बात बताई, उससे पुलिस भी हैरान रह गई।

### ट्रैक्टर ट्रॉली में बना रखा था तहखाना

ड्राइवर ने बताया कि ट्रैक्टर के नीचे हाइड्रोलिक के पास एक तहखाना है, जहां शराब छिपाई गई है। उसने बताया कि वह आराम से ट्रैक्टर ट्रॉली के जरिए ऐसे ही शराब की खेप D पहुंचाता था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जमानिया कोतवाली पुलिस को मंगलवार को अपने मुखबीर के माध्यम से जानकारी मिली कि दुरहीया के पास से ट्रैक्टर के अंदर शराब छिपा कर बिहार ले जाई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी की चेकिंग की तो ट्रॉली में शराब नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर दबाव बनाया तो ड्राइवर ने ट्रॉली में लगे हाइड्रोलिक को उठाया, जहां से 31 पेटी शराब बरामद की गई।

### शराब तस्कर ने बताया

शराब तस्कर राकेश कुमार कुशवाहा बिहार के बक्सर के नारायणपुर का रहने वाला है। पुलिस ने इसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राकेश ने पुलिस को बताया कि शराब तस्करी के लिए ही ट्रॉली को इस तरह से बनाया गया कि उसमें शराब छिपा कर ले जाया जाए। इसके लिए ट्रॉली के हाइड्रोलिक के नीचे एक प्लेट लगवाकर तहखाने जैसा बनवा दिया था।

### बैठक में मौजूद विधायक व डीएम

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन एवं मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग के विकास व निर्माण कार्य के नए प्रस्ताव वरीयता के आधार पर सम्मिलित करने के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग संतोष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपद की सड़कों को वरीयता क्रम में प्रस्ताव बनाकर निर्माण कार्य कराया जाना है। इसके अलावा सड़कों का नवीनीकरण भी कराया जाएगा। जिनका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग की सभी इकाइयों द्वारा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्वी मुख्यालय शहर के बाईपास मार्ग का टेंडर हो गया है। जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा धर्मार्थ मार्ग योजना के अंतर्गत भी सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाया गया है, लेकिन विभागीय जमीन उपलब्ध न होने पर भूमि क्रय के लिए मुआवजा को शासन को पत्र भेजा जाएगा।

## बसपा की हार दर हार से मायावती बेचैन, कभी मुस्लिम तो कभी जाट पर क्यों फोड़तीं ठीकरा



आर्यावर्त संवाददाता

**लखनऊ।** बसपा एक के बाद एक चुनाव हारती जा रही है, जिसे लेकर पार्टी प्रमुख मायावती बेचैन हैं। हरियाणा में इनेलो के साथ मिलकर लड़ने के बाद भी बसपा सबसे बड़ी 'लूजर' कही जा रही है। सूबे में बसपा का खाता भी नहीं खुला और वोट शेयर भी घट गया है। मायावती ने हरियाणा चुनाव में मिली शिकस्त का ठीकरा जाट समुदाय पर फोड़ा है। मायावती ने इसी तरह यूपी के 2022 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली हार का दोष मुसलमानों को दिया था। ऐसे में सवाल उठता है कि मायावती अपने कोर वोटबैंक के बजाय कभी जाट, तो कभी मुसलमानों पर का ठीकरा क्यों फोड़ती है। हरियाणा में जाट और दलित समीकरण बनाने के लिए बसपा और इनेलो मिलकर चुनाव लड़ी थीं। राज्य की 90 सीटों में से 53 सीट पर इनेलो और 37 सीट पर बसपा ने किस्मत आजमाया था। इनेलो दो सीटें जीतने में कामयाब रही, लेकिन बसपा अपना खाता भी नहीं खोल सकी। ऐसे में मायावती ने कहा कि जाट समाज के जातिवादी लोगों ने बसपा को वोट नहीं दिया, जिसके चलते बसपा के उम्मीदवार कुछ सीटों पर थोड़े वोटों के अंतर से हार गए। साथ ही उन्होंने कहा कि यूपी के जाट समाज के लोगों ने अपनी जातिवादी मानसिकता काफी हद तक बदली है। वे बसपा से विधायक और सरकार में मंत्री भी बने हैं, लेकिन हरियाणा के जाट समाज की जातिवादी सोच नहीं बदली है।

मायवाती ने हरियाणा की हार के लिए जाटों को जिम्मेदार ठहराया, तो यूपी में बसपा की हार के लिए मुसलमानों पर दोष मढ़ा था। इतना ही नहीं, उत्तराखंड के नतीजों के लिए भी बसपा ने मुस्लिम समाज के वोटरों को जिम्मेदार बताया था। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बसपा को एक सीट मिली थी और 2024 लोकसभा चुनाव में खाता तक नहीं खुला। बसपा का सियासी आधार दिन ब दिन घटता जा रहा है। यूपी में बसपा का वोट शेयर 10 फीसदी से कम हो गया है, तो हरियाणा में पार्टी का वोट शेयर एक फीसदी के करीब रहा।

### दोष जाट समुदाय पर मढ़ रही हैं मायावती

बसपा को मिल रही चुनावी हार और सिमटते सियासी आधार के चलते मायावती बेचैन हैं। हरियाणा में इनेलो के साथ गठबंधन करने के बाद भी बसपा को राजनीतिक संजीवनी नहीं मिल सकी। ऐसे में बसपा हार के लिए मायावती अपने कोर वोटबैंक दलित समुदाय को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती हैं। बसपा की हार के लिए किसी न किसी को तो जिम्मेदार ठहराना ही था, जिसके लिए कभी मुस्लिम तो कभी जाट समुदाय के जिम्मे मढ़ देती हैं। हरियाणा में दलित वोटों को मायावती अपने साथ नहीं जोड़ सकीं, लेकिन हार का दोष जाट समुदाय पर मढ़ रही हैं। इनेलो से जाट समुदाय ने 2019 में ही मुंह मोड़ लिया था और कांग्रेस के साथ खड़ा है। ऐसे में हरियाणा चुनाव का मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच रहा, तो जाट कैसे बसपा के साथ जाता। हरियाणा का विधानसभा चुनाव दो ध्रुवी था और जाट बनाम गैर-जाट में बंटा हुआ नजर आ रहा था। ऐसे में इनेलो और बसपा की स्ट्रैटेजी जाट-दलित समीकरण बनाने की स्ट्रैटेजी थी। राज्य में 21 फीसदी दलित और 25 फीसदी से ज्यादा जाट समुदाय है। मायावती से लेकर आकाश आनंद तक ने हरियाणा में जमकर मेहनत की, लेकिन नतीजे उनके खिलाफ रहे। इनेलो-बसपा गठबंधन के साथ न दलित का समर्थन मिला और न ही जाट साथ खड़े नजर आए। चौटाला परिवार की सीटों पर जरूर जाट समुदाय ने वोट दिया, लेकिन बाकी सीट पर कांग्रेस के साथ खड़ा नजर आया। इसी तरह दलित समुदाय का बड़ा झुकाव बीजेपी और फिर कांग्रेस की तरफ रहा। इसका ही नतीजा है कि बसपा को 1.82 फीसदी ही वोट मिल सका, जबकि 2019 में 4.21 फीसदी था। इससे साफ है कि बसपा के साथ दलित समुदाय नहीं जुट सके।

### कोर वोट बैंक बचाए रखना चाहती हैं मायावती

राजनीतिक विश्लेषक फिरोज नकवी मानते हैं कि दलित समुदाय पर से बसपा की पकड़ लगातार कमजोर होती जा रही है। उत्तर प्रदेश से लेकर हरियाणा तक बसपा का कोर वोटर खासकर जाटव समुदाय उनसे छिटककर बीजेपी के साथ चला गया, जिस पर उनका सियासी असर था। जाट और मुस्लिम समुदाय न तो कभी बसपाके एजेंडे में रहा और न ही उन्हें जोड़ने के लिए किसी तरह की पहल मायावती ने की। मायावती को दूसरे समाज पर दोष मढ़ने के बजाय अपने कोर वोट बैंक को संभालने की कोशिश करनी चाहिए। जाट और मुस्लिमों को जिम्मेदार ठहराकर मायावती दलितों के बीच अपने सियासी आधार को बचाए रखना चाहती हैं, जबकि हकीकत यह है कि बसपा का कोर वोटर जाटव है और वो बीजेपी में चला गया। मायावती को अपनी सियासत को जिंदा रखना है तो अपने कोर वोट बैंक पर काम करना होगा क्योंकि उस पर कांग्रेस से लेकर बीजेपी की नजर है। इतना ही नहीं, मायावती को अब समीकरण के बजाय जमीनी स्तर पर काम करना चाहिए, खासकर दलित समुदाय को अपने साथ जोड़े रखने के लिए।

## श्रमजीवी एक्सप्रेस में जीआरपी-आरपीएफ की छापेमारी, 15 बैगों से बरामद की हरियाणा निर्मित शराब, एक गिरफ्तार



आर्यावर्त संवाददाता

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** नई दिल्ली से राजगीर जा रही श्रमजीवी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सीट के नीचे छिपाकर रखी सवा लाख रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। हरियाणा में बनी शराब की बोतलें 15 बैगों में छिपाकर सीट के नीचे रखी गई थीं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने शराब बरामद कर आगे की कार्रवाई में जुटी रही।

जीआरपी पीडीडीयू के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की भोर में संयुक्त टीम ने डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच की जांच की गई तो सीट के नीचे लावारिश हाल में 15 बैग दिखे। बैग में अंग्रेजी शराब की बोतलें थीं। वहीं, जीआरपी और आरपीएफ ने स्थानीय रेलवे स्टेशन से एक युवक को पांच हजार रुपये मूल्य की शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात जीआरपी आारपीएफ संयुक्त रूप से स्टेशन पर गश्त कर रही थी। इसी बीच एक युवक संदिग्ध हाल में दिखा। उसके पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 40 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। युवक का नाम यशराज है। वह बिहार के बैशाली के थाना विदुपुर ग्राम पानापुर धर्मपुर का रहने वाला है।

## ट्यूशन से नहीं चल रहा था गुजारा, तो दिल्ली और मेरठ में बेचने लगा हथियार ; गाजियाबाद से पकड़े गए टीचर की कहानी



आर्यावर्त संवाददाता

**गाजियाबाद।** त्योहारी सीजन में गाजियाबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने छात्रों को ट्यूशन पढ़ाने वाले टीचर को हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया है। अपने शौक पूरा करने के लिए आरोपी टीचर मेरठ से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक हथियारों की सप्लाई किया करता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपी को हथियार कहा से आते थे और वह किन-किन लोगों को सप्लाई करता था? इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

गाजियाबाद कमिश्नरी की मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शख्स को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। एसीपी ने जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पर पुलिस को शक हुआ। उसे रोक कर चेक किया तो उसके पास से एक बैग बरामद हुआ, जिसमें चार पिस्तौल और तमंचों के साथ कारतूस मिले हैं। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### ट्यूशन फीस से नहीं होता था गुजारा

गाजियाबाद एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान प्रतीक बालियान के रूप में हुई है, जो मुजफ्फरनगर जिले का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी अभिषेक बालियान ने बताया कि पहले वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम करता था, लेकिन उसके शौक काफी महंगे थे। अपने महंगे शोक पूरा करने के लिए ट्यूशन से मिली रकम काफी नहीं थी। साथ ही उसके परिवार का भी गुजारा ट्यूशन की फीस से नहीं हो पा रहा था।

### मेरठ से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक करता था अवैध हथियारों की सप्लाई

आरोपी टीचर मेरठ के एक अवैध हथियार के सप्लायर के संपर्क में आया। उसने अवैध हथियारों की सप्लाई शुरू कर दी। अवैध हथियारों की सप्लाई से उसे अच्छा मुनाफा हो रहा था। एसीपी ने बताया कि इस फेस्टिवल सीजन में वह दिल्ली में अवैध हथियारों की सप्लाई करने जा रहा था तभी उसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है। जानकारी की जा रही है कि उसने पहले कितने लोगों को अवैध हथियारों की सप्लाई की है और वह लोग कहां-कहां के रहने वाले हैं। इसके साथ ही उसने अवैध हथियारों की सप्लाई मेरठ से कौन देता था, इसकी भी जानकारी पुलिस उससे करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अवैध हथियारों की फैक्ट्री और हथियारों को खरीदने वाले लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## भतीजा-पत्नी-बेटा और बेटी... सपा की पहली लिस्ट में सिर्फ फैमिली को ही तरजीह !

आर्यावर्त संवाददाता

**लखनऊ।** हरियाणा चुनाव के नतीजे आने के अगले ही दिन समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने 6 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। करहल, सीसामऊ, मझवां, फूलपुर, कटेहरी और मिल्कीपुर सीट पर प्रत्याशी उतार दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए सपा की ओर से जारी इस लिस्ट में सिर्फ फैमिली को तरजीह दी गई है। कहीं पर भतीजे को चुनावी मैदान में उतारा गया है तो कहीं पत्नी को। साथ ही बेटे और बेटी को भी चुनाव लड़ाया जा रहा है।



शुरुआत करहल से करते हैं। यह सीट सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने की वजह से खाली हुई है। इस सीट पर अखिलेश ने अपने भतीजे तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। मैनपुरी से सांसद रह चुके तेज प्रताप यादव की एक पहचान यह भी है कि वह लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तेज प्रताप यादव भी किसी भी सीट से टिकट चाह रहे थे लेकिन अखिलेश ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। अब वह विधायकी लड़ेंगे।

### सीसामऊ सीट से नसीम सोलंकी

वहीं, सीसामऊ सीट से सपा ने पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है। सीसामऊ सीट से लगातार तीन बार विधायक रहे इरफान सोलंकी को कई मामलों में सजा मिली हुई है। इस वजह से वह अयोग्य करार दिए गए थे। अब उनकी पत्नी नसीम सोलंकी के कंधों पर परिवार की राजनीतिक विरासत को बढ़ाने का जिम्मा दिया गया है। पिछले दिनों ही नसीम सोलंकी ने सीसामऊ में अपने चुनावी कैंपेन की शुरुआत कर दी थी।

### पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी

मझवां सीट से सपा ने डॉ। ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया गया है। ज्योति बिंद की पहचान यह है कि वह पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी हैं, जो कि मझवां सीट से तीन बार विधायक भी रहे हैं। रमेश बिंद ने लोकसभा चुनाव के दौरान ही पाला बदला था और वह सपा के टिकट पर मिर्जापुर से चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। ज्योति बिंद पेशे से डॉक्टर हैं और मुंबई में रहती हैं। बताया जाता है कि रमेश बिंद ने मिर्जापुर में अपनी बेटी ज्योति के नाम पर एक हॉस्पिटल भी खोला है।

### कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा

कटेहरी सीट लालजी वर्मा के सांसद बनने की वजह से खाली हुई थी। यहां से सपा ने सांसद लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को टिकट दिया है। इस सीट से कई दावेदार थे, लेकिन लालजी वर्मा ने अपनी परिवार के किसी भी सदस्य को टिकट देने का वीटो लगा दिया था। शोभावती वर्मा लंबे समय से जनता के बीच में जुड़ी हैं। शोभावती वर्मा दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं और अंबेडकरनगर की जिला पंचायत अध्यक्ष भी रही हैं।

### सबसे चर्चित सीट मिल्कीपुर

10 सीटों में से सबसे अधिक चर्चित मिल्कीपुर सीट पर भी सपा ने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। इस सीट से अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को चुनावी मैदान में उतारा गया है। अयोध्या से चुनाव जीतने की वजह से अवधेश प्रसाद, सपा के पोस्टर बॉय बन गए हैं और सपा की कोशिश है कि एक बार फिर अवधेश प्रसाद के जरिए बीजेपी को अयोध्या में पटखनी दी जाए। हालांकि, मिल्कीपुर की लड़ाई सपा के लिए सबसे कठिन नजर आ रही है।

### इन सीटों पर उतारे प्रत्याशी

वहीं सपा ने फूलपुर सीट से मुस्तफा सिद्दीकी को अपना प्रत्याशी बनाया है। प्रतापपुर से विधायक रह चुके मुस्तफा सिद्दीकी को 2022 में भी सपा ने फूलपुर से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन वह 3 हजार से कम वोटों से चुनाव हार गए थे। पांच महीने पहले ही मुस्तफा सिद्दीकी के बेटे का इंतकाल हो गया था। उनको सांत्वना देने खुद अखिलेश यादव पहुंचे थे। फिलहाल, सपा ने चार सीटों कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद और मीरापुर सीट पर प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है।

# मां-बाप की इन गलतियों की वजह से बच्चों का हर जगह होता है नाम खराब, झूठ के बिना नहीं चलता गुजारा



**जिन लोगों के बच्चे झूठ बोलते हैं, वहां पर बच्चे से ज्यादा मां-बाप की गलती होती है। पेरेंट्स की कुछ आदतें बच्चों में झूठ बोलने की प्रवृत्ति पैदा कर सकती हैं।**

**अगर** आपका बच्चा भी झूठ बोलने लगा है या गलती करने पर सच बोलने के बजाय अपनी गलती को छिपाने के लिए कोई बहाना बना देता है, तो एक बार आपको अपनी परवरिश पर ध्यान देना चाहिए। मां-बाप की कुछ आदतों की वजह से बच्चे झूठ बोलना शुरू कर देते हैं और फिर ये आदत उनके साथ हमेशा रहती है।

इस आर्टिकल में हम आपको पेरेंट्स की उन आदतों के बारे में बता रहे हैं जिनकी वजह से बच्चे में झूठ बोलने की आदत आ सकती है। यदि आप भी पेरेंट हैं, तो आपके लिए इनके बारे में जानना बहुत जरूरी है वरना आपका बच्चा भी गलत रास्ते पर जा सकता है।

## अत्यधिक सख्ती

अत्यधिक सख्त माता-पिता बच्चों को झूठ बोलने के लिए मजबूर कर सकते हैं। जब बच्चे छोटी-छोटी गलतियों पर भी कठोर सजा का सामना करते हैं, तो वे सजा से बचने के लिए सच छुपाने लगते हैं। इससे बच्चों में झूठ बोलने की आदत विकसित हो जाती है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के प्रति नरम और समझदारी भरा रवैया अपनाएं ताकि बच्चे अपनी गलतियों को स्वीकारने में सहज महसूस करें।



## प्यार और स्नेह की कमी

प्यार और स्नेह की कमी बच्चों को असुरक्षित और अनजाने में झूठ बोलने के लिए प्रेरित कर सकती है। जब बच्चे महसूस करते हैं कि उनके माता-पिता उनसे पर्याप्त प्रेम और समर्थन नहीं कर रहे हैं, तो वे अपनी भावनाओं और समस्याओं को छुपाने लगते हैं। माता-पिता को अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए और उन्हें यह महसूस कराना चाहिए कि वे उनके लिए महत्वपूर्ण हैं।

## ज्यादा उम्मीदें

माता-पिता की अत्यधिक और अवास्तविक उम्मीदें बच्चों पर अनावश्यक दबाव डाल सकती हैं। जब बच्चे सोचते हैं कि वे इन उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकते, तो वे झूठ का सहारा लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों की क्षमताओं को समझें और उनसे यथार्थवादी उम्मीदें रखें, जिससे बच्चों को खुद पर भरोसा हो और वे ईमानदारी से अपनी बात रख सकें।

## विश्वास की कमी

बच्चों पर विश्वास न करना और उनकी बातों को हमेशा संदेह की दृष्टि से देखना, उन्हें झूठ बोलने के लिए प्रेरित कर सकता है। जब बच्चों को लगता है कि उनके माता-पिता उनकी बातों पर विश्वास नहीं करते, तो वे झूठ बोलकर खुद को सही साबित करने की कोशिश करते हैं। माता-पिता को बच्चों पर विश्वास दिखाना चाहिए और उनके साथ खुलकर बात करनी चाहिए।

## ठीक से बात न करना

बच्चों के साथ संवाद की कमी भी झूठ बोलने का कारण बन सकती है। जब बच्चों को लगता है कि उनके माता-पिता उनकी बातों को नहीं सुनते या समझते, तो वे झूठ बोलकर अपनी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करते हैं। माता-पिता को बच्चों के साथ खुलकर और नियमित रूप से बात करनी चाहिए और उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास करना चाहिए।






# कान में घुसने और स्किन पर चिपकने वाले कनखजूरे से चाहिए छुटकारा, तो आजमाएं ये देसी उपाय



**बारिश के** मौसम में कई तरह के कीड़े-मकोड़े पनपने लगते हैं। लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान मच्छरों, चीटियों और दीमक को रोकने पर होता है, लेकिन इसी सीजन में कनखजूरे भी घर में दिखने लगते हैं। जो किचन के सिंक, बाथरूम की नालियां, गार्डन और सीलन भरी दीवारों से घर में एंट्री करते हैं। इतना ही नहीं मौका पाते ही लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं।

कनखजूरे कभी कान में घुस जाते हैं तो कभी स्किन पर चिपक जाते हैं। बाथरूम में ये दिख जाए तो अंदर जाने की भी हिम्मत नहीं होती है। वैसे यह एक जहरीला कीड़ा है इसलिए कनखजूरों को घर से दूर रखने में ही भलाई होती है। ऐसे में हम आपको इन्हें घर से भगाने और घर में घुसने से रोकने के कुछ आसान तरीके बता रहे हैं, जो आपके बेहद काम आएंगे।

## नीम ऑयल



कनखजूरे को घर से दूर रखने के लिए नीम का तेल आपके काम आ सकता है। यह कई औषधीय गुणों का भंडार होता है, जिससे कई तरह के उपचारों को किया जाता है। कनखजूरों का इलाज करने के लिए आप एक स्प्रे बोतल में नीम के तेल के साथ थोड़ी पानी मिलाकर शेक करें। और फिर इस घोल को घर कोनों और कनखजूरों की एंट्री वाली जगह पर छिड़क दें।

## लाल मिर्च



लाल मिर्च की तीखी महक को कनखजूरे सहन नहीं कर पाते हैं इसलिए आप इसका इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में पानी और लाल मिर्च पाउडर को मिला लीजिए। अब इस लीक्विड को बाथरूम और ऐसी जगहों पर छिड़क दें जहां अक्सर कनखजूरे दिखते रहते है। इसकी वजह से कनखजूरे आपके घर में आएंगे ही नहीं।

## पिपरमिंट एसेंशियल ऑयल

एसेंशियर ऑयल में पिपरमिंट का इस्तेमाल कनखजूरों के लिए अच्छा ऑप्शन होता है। इसके लिए आप एक स्प्रे बॉटल में पिपरमिंट ऑयल और पानी डालकर शेक करें। फिर रात में सोने से पहले इस घोल को नाली या उन सभी संभावित जगह पर छिड़कें जहां से कनखजूरे घर में एंट्री करते हैं।

इस उपाय को आपको सोने से पहले रोजाना करना है। दरअसल पिपरमिंट ऑयल में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, इसकी महक से कनखजूरे दूर भागते हैं। वहीं पिपरपिंट ऑयल न होने पर आप सूखी पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

## अल्कोहल



रम या ब्रांडी की महक भी आपके घर से कनखजूरों को दूर रख सकती है। इस उपाय को करने के लिए आप एक स्प्रे बॉटल में रम या ब्रांडी डालकर इसमें रिफाइंड ऑयल और पानी मिला लें। इस घोल को अच्छे से मिक्स करके रात में सोने से पहले घर के मुख्य द्वार, बाथरूम और किचन की सिंक में छिड़क दीजिए। इससे कनखजूरे घर में नहीं आएंगे और अगर आ गए हैं जो इसकी महक से मर जाएंगे।

## सिरका और नमक




कनखजूरे से छुटकारा पाने के लिए आप स्प्रे बोतल में पानी, सिरका और डेटॉल मिलाकर एक मिश्रण बना लीजिए। इसे आपको रोज पोछा लगाने वाले पानी में मिलाना है, और घर के कोनों पर भी छिड़काव करना है। इससे कनखजूरों के साथ कोई भी बरसाती कीड़े घर में नहीं दिखेंगे। इस घोल में आप नमक मिलाकर स्प्रे करने से भी आपको फायदा देखने को मिलेगा।

# पटौदी खानदान की बेटी ने छोटी सी ड्रेस पहन तोड़ा बाकी हसीनाओं का गुमान, उल्लू वाली हील्स ने तो कर दिया हैरान

**सारा अली खान अक्सर ही अपने स्टाइल के चलते लाइमलाइट में आ जाती हैं। तभी तो उनका नया लुक सामने आते ही फैंस भी एक्साइटेड हो जाते हैं और उन्हें खूब प्यार देते हैं। वहीं, अब हसीना ने मिनी ड्रेस पहनकर अपना बार्बी लुक दिखाया। जिसमें सब उन्हें देखते ही रह गए।**


**सारा अली** खान की गिनती बॉलीवुड की उन एक्ट्रेस में होती है, जो अपनी फिल्मों के साथ ही लुक्स को लेकर चर्चा में छा जाती हैं। चाहे वेस्टर्न हो या फिर ट्रेडिशनल सारा हर लुक में बेहद हसीन लगती हैं और अब तो बार्बी डॉल की तरह सज-संवर कर उन्होंने सबका दिल ही जीत लिया। छोटी सी गुलाबी ड्रेस में जिसने भी सारा को देखा वह उनकी खूबसूरती का कायल हो गया।

दरअसल, पटौदी खानदान की बिटिया रानी हाल ही में एक इवेंट का हिस्सा बनी थीं। जहां वह सिर से लेकर पैर तक एकदम बार्बी की तरह स्टाइल होकर आईं। जिसमें उनका बार्बी वाला चार्म फैंस का दिल जीत गया और वह अपने इस स्टाइल से बाकी हसीनाओं को भी पीछे छोड़ गईं।

सारा ने इस इवेंट के लिए बार्बी थीम को फॉलो किया और Mac Duggal की स्ट्रैपलेस ओवरसाइज बो फिट एंड फ्लेयर मिनी ड्रेस पहनी। जिसकी बो वाली डीटेलिंग कमाल की लगी। इंटरनेट पर दी गई जानकारी के अनुसार इस ड्रेस की कीमत करीब 25 हजार रुपये है। जिसमें उन्हें तान्या घावरी और निधि जेसवानी ने स्टाइल किया।

## सारा का अंदाज जीत गया दिल

सारा की इस ऑफ शोल्डर ड्रेस को वेस्ट तक बॉडी फिटेड रखा गया है, तो स्कर्ट पोर्शन में फ्लेयर्स डाली गई। ये आउटफिट न सिर्फ सारा के बॉडी टाइप को कॉमप्लिमेंट कर रही है, बल्कि मिनिमल स्टाइलिंग के साथ हसीना का अंदाज भी काफी स्टनिंग लगा और वह किलर पोज देकर फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा गईं।





## हील्स ने खींचा ध्यान

सारा अपने इस लुक के जरिए क्यूट बार्बी डॉल वाली वाइब्स को अपनी एक्सेसरीज में भी फॉलो किया। उन्होंने पापा डोंट प्रीच बाय शुभिका की पिंक ब्लॉक हील्स पहनी। जिनके फ्रंट पर फ्लावर जैसे बीट्स लगे हैं, तो बैक में उल्लू बनाया गया है, जो इतना शानदार लग रहा है कि किसी का भी दिल उस पर आ जाए।

## लेस इज मोर वाला कॉन्सेप्ट किया फॉलो

अब सारा चाहती तो इस लुक में ढेर सारा पिंक कलर एंड कर सकती थीं, लेकिन उन्होंने यहां कुछ भी ओवर द टॉप या एक्स्ट्रा करने की कोशिश नहीं की। हसीना ने Isharya के बो स्टड पहने और एक रिंग स्टाइल की। साथ ही वह 'आई ब्लैम बीड्स' की लव रिंग पहने भी नजर आईं। इस लेस इज मोर वाले कॉन्सेप्ट में सारा छा गईं। इंटरनेट पर दी गई जानकारी के अनुसार, सारा के स्टड 3,499 रुपये के हैं, तो एक रिंग 1,999 रुपये और दूसरी लव वाली रिंग 999 रुपये की है।

## मेकअप और हेयर स्टाइल लगा परफेक्ट

अब अगर सारा के मेकअप की बात करें तो इसे भी उन्होंने एकदम सटल रखा है, जो इस लुक के साथ जच रहा है। लाइट पिंकिश टोन आईशैडो, मस्कारा, ब्लश्ड चीक्स और पिंक लिप्स में सारा का ये बार्बी लुक हैड टू टो फ्लॉलेस लगा। वहीं, अपने बालों को उन्होंने मिडिल पार्टीशन के साथ बन में टाई किया और फ्रंट में फ्लिक्स निकाले, जो शानदार लगे।

# पर्सनल डेटा संरक्षण कानून का उल्लंघन कर रहा टिकटॉक, होगी जांच : दक्षिण कोरिया




**सोल।** दक्षिण कोरिया का मीडिया नियामक देश के पर्सनल डेटा संरक्षण कानून के उल्लंघन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक की जांच करने जा रहा है। नियामक के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

टिकटॉक कोरियाई कानून का उल्लंघन कर रहा है। टिकटॉक पर आरोप है कि कंपनी यूजर्स को स्वचालित विज्ञापन प्राप्त करने के लिए बाध्य करती है। कोरियाई कानून के तहत इस तरह की सामग्री के लिए किसी भी कंपनी को यूजर्स की सहमति लेना अनिवार्य है।

कोरियाई अधिकारी ने कहा कि कोरिया संचार आयोग (केसीसी) को संदेह है कि टिकटॉक सूचना और संचार नेटवर्क उपयोग और डेटा संरक्षण के संवर्धन अधिनियम का उल्लंघन कर रहा है। जल्द ही वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म की जांच शुरू की जाएगी। अधिकारी ने कहा, हमारा मानना है कि टिकटॉक की सेवा शर्तों और यूजर्स से स्पष्ट सहमति प्राप्त करने को लेकर किसी तरह की परेशानी है।

चीनी कंपनी बाइटडांस के स्वामित्व वाली कंपनी टिकटॉक पर भी कोरियाई एजेंसियों को संदेह है कि कंपनी प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले यूजर्स को अपनी सेवा की शर्तों और गोपनीयता नीति को लेकर पूरी सामग्री साझा नहीं करती है। संबंधित कानून के तहत, कंपनियों को यूजर्स को यह निर्णय लेने की स्वतंत्रता देनी होगी कि वे विज्ञापन प्राप्त करना चाहते हैं या नहीं। किसी भी यूजर को ऐसी सामग्री भेजने से पहले यूजर की स्पष्ट सहमति जरूरी है।

कानून का उल्लंघन करने वालों पर 30 मिलियन वॉन (22,279 डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

पिछले महीने नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण ने देश के इंटरनेट और मोबाइल सेवा प्रदाताओं को शॉर्ट-वीडियो ऐप पर कैबिनेट के फैसले के अनुरूप टिकटॉक पर प्रतिबंध हटाने का निर्देश दिया था। 22 अगस्त को नेपाल की कैबिनेट ने टिकटॉक पर प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। टिकटॉक पर यह प्रतिबंध पिछले साल नवंबर में लगाया गया था।

# रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी के संकेत, इन 8 शहरों से आए चौंकाने वाले आंकड़ें

दिल्ली-एनसीआर में मकानों की बिक्री बढ़ी है। अन्य सात प्रमुख शहरों में गिरावट आई है। दिल्ली-एनसीआर में जुलाई-सितंबर के दौरान बिक्री सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 10,098 इकाई हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 7,800 इकाई थी।



**देश** में रियल सेक्टर में मंदी के संकेत दिखाई देने लगे हैं। देश के 8 टॉप शहरों के जो आंकड़ें आए हैं, उन्हें देखकर कुछ ऐसा ही लग रहा है। ये आंकड़ें ऐसे समय पर आए हैं, जब आरबीआई एमपीसी अपने पॉलिसी रेट का ऐलान करने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार देश के टॉप आठ शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में हाउसिंग सेल्स में में नई पेशकश में कमी तथा कीमतों में तेजी के कारण पांच फीसदी की गिरावट आई है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर ये आंकड़ें किसने जारी किए हैं और मंदी का अनुमान क्यों लगाया जा रहा है।

## 5 फीसदी की गिरावट

रियल एस्टेट ब्रोकरेज मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने भारत के हाउसिंग मार्केट पर मंगलवार को रियल इनसाइट नाम की रिपोर्ट जारी की। प्रॉपटाइगर ऑस्ट्रेलिया की आरईए समूह का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व है। रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर में कुल 96,544 यूनिट्स बेची गईं, जो 2023 में इसी अवधि के दौरान बेची गई 1,01,221 यूनिट्स से पांच फीसदी कम है। प्रमुख आठ बाजारों में पेश की गईं नई आवासीय इकाइयों की संख्या समीक्षाधीन अवधि में सालाना आधार पर 1,23,080 यूनिट्स से 25 फीसदी घटकर 91,863 युनिट रह गई। प्रॉपटाइगर ने रिपोर्ट में मकान की कीमतों में तेज वृद्धि के सामर्थ्य को प्रभावित करने की बात को भी रेखांकित किया। शीर्ष आठ शहरों में कीमतों में औसतन करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## दिल्ली छोड़ सभी में आई गिरावट

आंकड़ों के अनुसार, केवल दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मकानों की बिक्री बढ़ी है। अन्य सात प्रमुख शहरों में गिरावट आई है। दिल्ली-एनसीआर में जुलाई-सितंबर के दौरान बिक्री सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 10,098 इकाई हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 7,800 इकाई थी। वहीं दूसरी ओर अहमदाबाद में बिक्री 10,305 इकाई से नौ प्रतिशत घटकर 9,352 इकाई, बेंगलुरू में 12,588 इकाई से 11 प्रतिशत घटकर 11,160 इकाई, चेन्नई में 3,874 इकाई से आठ प्रतिशत घटकर 3,560 इकाई, हैदराबाद में 14,191 इकाई से 19 प्रतिशत घटकर 11,564 इकाई और कोलकाता में बिक्री 3,607 इकाई से 22 प्रतिशत घटकर 2,796 इकाई रह गई। मुंबई महानगर क्षेत्र में समीक्षाधीन अवधि में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 30,299 इकाइयों से एक प्रतिशत घटकर 30,010 इकाई रह गई। पुणे में आवासीय बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 18,004 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 18,557 इकाई थी।

## मंदी के संकेत, लेकिन क्यों?

आरईए इंडिया के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) एवं प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के व्यवसाय प्रमुख विकास वधावन ने कहा कि बिक्री और नई पेशकश दोनों में सालाना आधार पर गिरावट बढ़ती कीमतों के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हम बाजार गतिविधि में एक स्वस्थ मंदी देख रहे हैं, जो अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए फायदेमंद है क्योंकि यह स्थायी वृद्धि लाता है। पिछली कुछ तिमाहियों में बड़े बाजारों के कुछ प्रमुख क्षेत्रों में कीमतों में तीन प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है जिससे तत्काल खरीद निर्णय प्रभावित हुए हैं। हालांकि, वधावन को उम्मीद है कि खरीदार धीरे-धीरे नई मूल्य वास्तविकताओं के साथ समायोजित हो जाएंगे। दिल्ली-एनसीआर में गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद शामिल हैं। वहीं मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे शामिल हैं।

# गोदरेज ग्रुप ने रणनीतिक अधिग्रहण के साथ भारत के लॉजिस्टिक्स ग्रोथ को दी गति

**बंगलूरू, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का हिस्सा गोदरेज एंड बॉयस के स्टोरेज सॉल्यूशंस व्यवसाय ने बेंगलुरु स्थित स्टोरेज शेल्विंग सिस्टम्स और मेजेनाइन स्ट्रक्चर्स के निर्माता आर्मेस मैनी के अधिग्रहण की घोषणा की। भारत के तेजी से विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, बिजनेस ने रणनीतिक कदम के साथ अपनी उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि की है। इस अधिग्रहण में बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा शामिल है, जिसकी क्षमता 150,000 वर्ग फीट में फैली हुई है और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 टन प्रति वर्ष है।

अत्याधुनिक तकनीक और बुनियादी ढांचे से लैस, यह फैसिलिटी शेल्विंग सोल्यूशंस की क्षमता में लगभग 35त्न की वृद्धि करेगी, जो बदलते उपभोग रुझानों द्वारा संचालित कुशल और स्केलेबल स्टोरेज समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह कदम ऐसे महत्वपूर्ण समय में उठाया गया है, जब लॉजिस्टिक्स उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि हासिल कर रहा है, जो कि विकसित हो रहे उपभोग पैटर्न और क्विक कॉमर्शल प्लैटफॉर्म्स के तेजी से विस्तार से प्रेरित है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड, स्टोरेज सॉल्यूशंस, विकास चौदाहा ने कहा, 'मौजूदा समय में केवल 40त्न वेयरहाउसिंग फैसिलिटीज ग्रेड ए के रूप में वर्गीकृत हैं, जिससे भारत के वेयरहाउसिंग बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार करने के लिए टिकाऊ, अत्याधुनिक समाधानों की तत्काल आवश्यकता है। हम अपने देश के बढ़ते लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर की बदलती जरूरतों को अच्छी तरह समझते हैं, और अपनी क्षमताओं का विस्तार करते हुए हम भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

भारत के स्टोरेज सोल्युशंस बिजनेस में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में, 30त्न से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ, यह रणनीतिक अधिग्रहण राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करता है। हमारी बढ़ी हुई क्षमता हमें ई-कॉमर्स और क्विक कॉर्मस जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की बढ़ती मांगों को पूरा करने और एडवांस वेयरहाउसिंग सोल्युशंस की मांग को पूरा करने में हमें सक्षम बनाएगा।' आर्मेस मैनी का रणनीतिक अधिग्रहण स्टोरेज सॉल्यूशन बिजनेस की मार्केट डॉमिनेंस (बाजार प्रभुत्व) को मजबूत करता है और भारत में उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यवसाय के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है। गोदरेज एंड बॉयस ने हाल ही में चेन्नई में 90,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाली एक और विनिर्माण सुविधा (मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी) स्थापित करके अपने पदचिह्नों का विस्तार किया है। उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करते हुए टिकाऊ, कटिंग एज सॉल्युशंस पर ध्यान केंद्रित कर, गोदरेज एंड बॉयस विकसित भारत 2047 विजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# 23 बच्चों को एक साथ दी गई अंतिम विदाई, बस में जलकर हुई थी मौत



**थाईलैंड, एजेंसी।** इजराइलएक अक्टूबर यानी एक हफ्ते पहले थाईलैंड के एक शहर लैंक साक से एक बड़ी घटना की जानकारी सामने आई, जहां लैन साक शहर में बस में आग लगने से 23 बच्चों और शिक्षकों की मौत हो गई थी, जिनको एक साथ अंतिम विदाई दी गई. मंगलवार को सुबह-सुबह पीड़ित परिवार उथाई थानी के उसी स्कूल में इकट्ठा हुए, जहां वह बच्चे पढ़ते और शिक्षक काम करते थे. काले कपड़े पहने माता-पिता अपने बच्चों को ले जाने वाले ताबूतों के पास ले गए और उनके पास उनके फोटो और खिलौने रखे.

एक अक्टूबर को बैंकॉक के उत्तरी उपनगर पथुम थानी में एक राजमार्ग पर जब बस में आग लगी, तो छह शिक्षक और 39 प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल के छात्र बस में मौजूद थे. आग ने बस को अपनी चपेट में इतनी तेजी से लिया कि सिर्फ 22 लोगों को ही बचाया जा सका. बैंकॉक में फोरेंसिक कार्य के बाद बुरी तरह से जले हुए शवों की पहचान हो गई.

## बस ड्राइवर गिरफ्तार

इस घटना के बाद आक्रोश फैला और अधिकारियों से तुरंत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई, जिसके बाद पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जानकारी दी कि बस ड्राइवर उस महिला पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं जिनके नाम पर बस का रजिस्ट्रेशन था. इसके साथ ही ये भी सामने आया था कि इस घटना से महज 4 महीने पहले ही बस का निरीक्षण किया गया था.

## गैस ट्यूब खुलने से हुई घटना

इसके बाद परिवहन अधिकारियों की जांच की जा रही थी. घटना के मद्देनजर जांचकर्ताओं ने पाया कि बस में 11 नेचुरल गैस कनस्तर लगे थे, जबकि उसके पास सिर्फ छह कन्सतर लगाने के लिए परमिट था. अधिकारियों ने कहा कि यह बस 50 साल से ज्यादा पुरानी थी, जिसे सीएनजी पर चलाने के लिए संशोधित किया गया था, जिसका इस्तेमाल पैसे बचाने के लिए खासतौर पर किया जाता है. पुलिस का मानना है कि कनस्तरों में से एक गैस ट्यूब खुल गई थी, जिससे चिंगारी निकली और लीक हुई गैस में आग लग गई.

# लेबनान में हिजबुल्लाह के 50 आतंकी ढेर, इजराइल ने अंडरग्राउंड कमांड सेंटरों पर किया हमला



**यरुशलम, एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्स (IDF) ने मंगलवार को दक्षिणी लेबनान में फिर कहर बरपाया. आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के अंडरग्राउंड कमांड सेंटरों पर कई एयर स्ट्राइक की, जिनमें 50 आतंकियों की मौत हो गई. इसमें हिजबुल्लाह के साउथ फ्रंट और राडवान फोर्स के 6 सीनियर कमांडर भी शामिल थे. इजराइल एयर फोर्स (आईएएफ) ने हिजबुल्लाह की नासिर, बदर और अजीज यूनिट्स पर हमले किए.

इजराइली डिफेंस फोर्स के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा कि आईएएफ के जेट विमानों ने सोमवार को इसके दक्षिणी मोर्चे पर विभिन्न हिजबुल्लाह के अंडर ग्राउंड सेंटरों पर हमला किया, जिससे उन आतंकवादियों का सफाया हो गया जो इजराइल के उत्तरी समुदायों पर हमला करने की योजना बना रहे थे.

हैगारी ने कहा कि आतंकवादी हिजबुल्लाह की गैलील पर विजय योजना को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार थे. खुफिया निदेशालय से सटीक जानकारी का उपयोग करते हुए, उत्तरी कमान और संचालन निदेशालय के साथ मिलकर, 100 जेट विमानों ने हिजबुल्लाह की राडवान सेना, नत्जर, बदर और अजी युनिट्स पर हमला किया.

## आईडीएफ ने छह कमांडरों को मारा

हैगारी ने बताया कि लगभग 50 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनमें छह कमांडर भी शामिल थे. मारे गए आतंकियों ने इजराइल के खिलाफ आतंकी हमले किए थे. इस आतंकवादी में अहमद हसन नजल, हुसैन तलाल कमाल, गजर क्षेत्र का प्रमुख, मूसा दीब बरकत, गजर क्षेत्र का निवर्तमान प्रमुख, महमूद मुस करनिब, गजर क्षेत्र का ऑपरेशन प्रमुख, अली अहमद इस्माइल, बिंट जेबिल क्षेत्र का तोपखाने का कमांडर और अब्दुल्ला अली दकिक, गजर क्षेत्र के तोपखाने का कमांडर शामिल है. इजराइली वायुसेना ने दक्षिणी लेबनान में आतंकवादी समूह की मध्यम दूरी की रॉकेट इकाई से संबंधित लगभग 30 टारगेट्स के अलावा, कुल मिलाकर लगभग 95 टारगेट पर हमला किया.

# उधर ईरान युद्ध में घिरा, इधर पाकिस्तान और सऊदी अरब में बड़ी डील



**सऊदी।** एक तरफ इजराइल के साथ ईरान की तनातनी और लेबनाव व गाजा में युद्ध की स्थिति है जिससे पूरा मिडिल ईस्ट तनाव में है। वहीं, आर्थिक तंगी से गुजर रहे पाकिस्तान को एक बार फिर सऊदी अरब से बड़ी आर्थिक मदद मिलने वाली है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान इस हफ्ते के आखिर में सऊदी अरब से आने वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ दो अरब डॉलर से ज्यादा के समझौतों पर साइन करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार विपक्ष को देश को आर्थिक प्रगति के रास्ते से भटकाने नहीं देगी। उनका ये तंज इमरान खान की पार्टी PTI के जारी हालिया प्रदर्शनों को लेकर किया गया है।

इस साल शुरू में सऊदी का एक प्रतिमंडल पाकिस्तान दौरे पर आया था, लेकिन इसमें पाकिस्तान को कोई खास निवेश नहीं मिल पाया था। अब एक बार फिर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने जानकारी दी है कि सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद बिन अब्दुलअजीज अल-फलीह 9-11 अक्टूबर तक एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तान का दौरा करेंगे।

## आर्थिक सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने बताया कि सऊदी प्रतिनिधिमंडल 15-16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन से पहले इस्लामाबाद पहुंचेगा। साथ ही कहा कि सऊदी प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

## इमरान खान की पार्टी पर निशाना

शहबाज शरीफ ने अपनी कैबिनेट को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते PTI की ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों का उद्देश्य देश के मौजूदा आर्थिक लाभ को नुकसान पहुंचाना था।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "और अब जब सऊदी अरब का प्रतिनिधिमंडल आ रहा है और हम उनके साथ 2 अरब डॉलर से ज्यादा की डील या MOU साइन करने वाले हैं, तो इन सभी कोशिशों को नाकामयाब करना पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी दुश्मनी है।" उन्होंने कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और किसी भी हालत में इसकी इजाजत नहीं दी जाएगी।

## 5 बिलियन डॉलर निवेश का लक्ष्य

पाकिस्तान और सऊदी अरब हाल के महीनों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश डील करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान को 5 बिलियन डॉलर के निवेश पैकेज में तेजी लाने के लिए किंगडम की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

पाकिस्तान आर्थिक संकट के कारण विदेशी मुद्रा भंडार की कमी से जूझ रहा है। सऊदी के निवेश के साथ पाकिस्तान को इस संकट से बाहर आने में मदद मिलेगी।

# अभी जिंदा है इजराइल का दुश्मन नंबर एक, कतर के साथ चल रही सीक्रेट बात




**यरुशलम, एजेंसी।** इजराइल हमास के बीच जारी जंग को एक साल हो गया है। पिछले एक साल में इजराइल ने इस्माइल हानिया समेत हमास के कई नेताओं और कमांडरों की हत्या कर दी है। पिछले महीने ने कई इजराइली मीडिया आउटलेट्स ने इजराइली इंटेलिजेंस के सूत्रों से दावा किया था कि हमास नेता याह्या सिनवार की भी 21 सिंतबर की एक स्ट्राइक में मौत हो गई है। हालांकि, अब दावे उसके जिंदा होने के हैं।

इजराइली मीडिया आउटलेट 'द जेरुसलम पोस्ट' ने दावा किया है कि हमास नेता याह्या सिनवार जिंदा है और उसने मध्यस्थ कतर के साथ खुफिया रूप से संपर्क किया है।

21 सितंबर को विस्थापित किए गए फिलिस्तीनियों को शरण देने वाले एक स्कूल पर IDF (Israel Defense Forces) ने स्ट्राइक की थी। स्ट्राइक में 22 लोग मारे गए थे, जिसमे महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। इस हमले में सिनवार की मौत का भी दावा किया जा रहा था।

कतर के एक सीनियर अधिकारी ने 'द जेरुसलेम पोस्ट' को बताया कि सिनवार से सीधे संपर्क की खबरें गलत हैं। सिनवार की बात हमास के एक सीनियर नेता खलील अल-हयाह से हुई है, जो कतर में ही रहते हैं। हमास का पॉलिटिकल ऑफिस कतर में ही और उसके कई अधिकारी यहां रहते हैं।

## कौन है याह्या सिनवार?

61 साल का याह्या सिनवार इस वक्त हमास का पॉलिटिकल चीफ है। तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद ये जिम्मेदार सिनवार को दी गई है इससे पहले वे हमास का गाजा में प्रतिनिधित्व कर रहा था। सिनावर का जन्म 1962 में गाजा के एक शरणार्थी शिविर में हुआ था, सिनवार के परिवार को 1948 में इजराइल के गठन के बाद अल-मजदल असकलान, जिसे अब अश्कलेन के नाम से जाना जाता है, से बल पूर्वक निकाल दिया गया था। सिनवार ने अपनी शिक्षा गाजा से ही पूरी की है और वे अपनी छात्र अवस्था से ही इजराइली विरोधी आंदोलनों से जुड़ा रहा है।

# 'भाजपा ने हारी हुई लड़ाई जीती', संजय राउत ने भगवा पार्टी को सराहा, टीएमसी सांसद बोले- कांग्रेस अहंकारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा ने न सिर्फ सारे एग्जिट पोल्स को झूठा साबित कर दिया बल्कि अपने विरोधियों को भी चौंका दिया है। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत भी भाजपा की हरियाणा में अप्रत्याशित जीत से हैरान हैं और खुद को भगवा पार्टी की तारीफ करने से भी नहीं रोक पाए।

### संजय राउत ने भाजपा को सराहा

संजय राउत ने कहा कि 'दोनों राज्यों (हरियाणा और जम्मू कश्मीर) की अपनी अहमियत है, लेकिन जम्मू कश्मीर भाजपा के लिए ज्यादा अहम था। वे उस जगह से हार गए, जहां उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाया था। विपक्षी गठबंधन हरियाणा में नहीं जीत पाया क्योंकि कांग्रेस को लगा कि वह अपने दम पर जीत सकते हैं और उन्हें सत्ता में किसी सहयोगी की जरूरत नहीं है। कांग्रेस नेता हुड्डा जी को लगा कि वे जीत जाएंगे। अगर उन्होंने समाजवादी पार्टी, आप या अन्य छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन किया होता तो नतीजा कुछ और होता। भाजपा ने जिस तह से चुनाव लड़ा, वह का बि ले ता री फ है। भाजपा ने हारी हुई लड़ाई जीती है।'

### टीएमसी सांसद ने कांग्रेस को कोसा

हरियाणा में हार के बाद विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की सहयोगी टीएमसी ने कांग्रेस की आलोचना की है। टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कांग्रेस का नाम लिए बिना आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि यह रवैया चुनाव में हार का कारण बना कि अगर हमें लगता है कि हम जीत रहे हैं तो हम किसी क्षेत्रीय पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे, लेकिन जिन राज्यों में हम पिछड़ रहे हैं, वहां क्षेत्रीय पार्टियों को हमें जगह देनी चाहिए।' गोखले ने लिखा कि अहंकार और क्षेत्रीय दलों को नीची निगाह से देखना आपदा का कारण बनता है। टीएमसी सांसद की इस टिप्पणी को सीधे तौर पर कांग्रेस के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की सहयोगी आम आदमी पार्टी और सीपीआई भी कांग्रेस के हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति की आलोचना कर चुके हैं।

हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि हाल के चुनावों से सबसे बड़ी सीख यह मिली है कि किसी को 'अति आत्मविश्वासी' नहीं होना चाहिए। भाकपा महासचिव डी राजा ने भी कहा कि कांग्रेस को हरियाणा के चुनाव परिणामों पर आत्मचिंतन करने की जरूरत है और उसे महाराष्ट्र तथा झारखंड में आगामी चुनावों में सभी भारतीय ब्लॉक सहयोगियों को साथ लेकर चलना चाहिए।

# जूनियरों डॉक्टरों की भूख हड़ताल पांचवें दिन जारी, सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं पर मजाक बनाने का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुई भयावह घटना को लेकर आज भी देशभर में गुस्सा है। न्याय और कार्यस्थल की सुरक्षा की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर सड़कों पर हैं। उन्होंने दुर्गा उत्सव के बीच मंगलवार को लगातार पांचवे दिन अपना अनशन जारी रखा।

बता दें, आरजी कर अस्पताल के अनिकेत महतो, कोलकाता मेडिकल कॉलेज के स्निग्धा हाजरा, तनया पांजा और अनुस्तुप मुखोपाध्याय, एसएसकेएम अस्पताल के अर्नब मुखोपाध्याय, एनआरएस मेडिकल कॉलेज के पुलस्थ आचार्य और केपीसी मेडिकल कॉलेज के सायंतनी घोष हाजरा अनशन में बैठे हैं। इनका साथ देने के लिए कूचबिहार मेडिकल कॉलेज के दो अन्य जूनियर डॉक्टर भी भूख हड़ताल पर बैठ गए थे।

भूख हड़ताल पर बैठे एक डॉक्टर अनिकेत महतो ने कहा, 'हम वादे के मुताबिक अनशन जारी रखेंगे। कुछ सत्तारूढ़ पार्टी के नेता हमारे प्रदर्शन का मजाक बना रहे है। हालांकि, हम बताना चाहते हैं कि यह कोई फर्जी हड़ताल नहीं है। अगर वे चाहें तो यहां आकर खुद को देख सकते हैं। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक हम नहीं रुकेंगे।' आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर आज शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पीड़िता को न्याय की मांग वाले पर्चे बांटेंगे और इसके अलावा रक्तदान शिविर भी लगाएंगे। वहीं, बंगाल ज्वाइंट प्लेटफॉर्म ऑफ डॉक्टर्स के संयुक्त संयोजकों में से एक डॉ पुण्यब्रत गुन ने कहा कि वे जूनियर डॉक्टरों का समर्थन करना जारी रखेंगे। वहीं वरिष्ठ डॉक्टर रैली निकालने की योजना बना रहे थे।

### पुलिस पर लगाया आरोप

जूनियर डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस पर सहयोग नहीं करने का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि शहर के धर्मतला इलाके में डोरिना क्रॉसिंग के पास विरोध स्थल पर उन्हें पुलिस ने जैव-शौचालय रखने की अनुमति नहीं दी।

### डॉक्टरों ने सीसीटीवी कैमरे लगाए

वहीं, जिस जगह पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है वहां पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डॉक्टरों ने सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। धरने पर बैठे डॉक्टरों का साथ देने के लिए बड़ी संख्या में लोग और कुछ हस्तियां मौके पर पहुंचे। गौरतलब है, जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार को पूरी तरह से काम बंद करने का एलान किया था। इससे राज्य संचालित मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने इस बात पर जोर दिया कि पीड़िता डॉक्टर के लिए न्याय हासिल करना ही उनकी प्राथमिकता है।



# जूनियर एनटीआर ने दर्शकों पर फोड़ा 'देवरा' के खराब प्रदर्शन का ठीकरा, कहा- लोगों ने गलत तरह से जज किया



**साउथ** सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा' सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर दमदार कमाई भी की थी, साथ ही समीक्षकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया भी मिली, लेकिन अब दर्शकों के सिर से 'देवरा' का क्रेज उतरता नजर आ रहा है। अब हाल ही में, जूनियर एनटीआर ने अपनी फिल्म 'देवरा' के बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन का कारण बताया है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है।

निर्देशक कोरटाला शिवा की देवाराः पार्ट 1 जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं और यह फिल्म लगातार अच्छी कमाई कर रही थी, लेकिन अब दर्शक फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों का रुख नहीं कर रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि फिल्म उतना प्रभाव नहीं डाल पाई है, जितनी उम्मीद की जा रही थी।

इस फिल्म ने वैश्विक ब्लॉकबस्टर आरआरआर के बाद दो साल बाद जूनियर एनटीआर की सिल्वर स्क्रीन पर वापसी की है, उम्मीदें तो काफी ज्यादा थीं।,लेकिन इसे फिल्म को आलोचकों और दर्शकों से मिली-जुली समीक्षा मिली। जबकि फिल्म ने सोमवार तक दुनिया भर में 466 करोड़ रुपये की कमाई की है, इसका प्रदर्शन प्रभास-स्टारर 'कल्कि 2898 एडी' जैसी और हालिया भारतीय ब्लॉकबस्टर फिल्मों की तुलना में कम है।

एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता फिल्म के खराब प्रदर्शन को लेकर सफाई देते हुए कहा, 'हम एक दर्शक के रूप में इन दिनों बहुत नकारात्मक हो गए हैं। हम अब एक अच्छे तरीके से फिल्म का आनंद नहीं ले पा रहे हैं।' अभिनेता ने इंडिया टुडे को आगे कहा, 'जब मैं अपने बेटों को देखता हूं, तो उन्हें इसकी परवाह नहीं होती कि वे कौन सा अभिनेता या कौन सी फिल्म देख रहे हैं। वे सिर्फ फिल्मों का आनंद लेते हैं।'

अभिनेता ने आगे कहा, 'मुझे हैरत है कि हम अब बच्चों की तरह क्यों नहीं हो पा रहे? आज हम हर फिल्म का विश्लेषण करने के लिए उसे देख रहे हैं। हम सभी फिल्मों के बारे में लगातार निर्णय, विश्लेषण और ज्यादा सोच-विचार कर रहे हैं। शायद सिनेमा के संपर्क ने हमें ऐसा बना दिया है।'

# जिगरा इवेंट में आलिया भट्ट ने गाया 'ऊ अंतावा', सामंथा रुथ प्रभु को बताया 'हीरो', बोलीं– फिल्म....



बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हाल ही में हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म जिगरा के प्री-रिलीज इवेंट में साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की जमकर तारीफ की साथ ही उन्हें एक हीरो बताया। इसके अलावा आलिया ने सामंथा को उनकी फिल्म जिगरा को प्रमोट करने के लिए आभार व्यक्त किया।

आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म जिगरा का जमकर प्रचार कर रही हैं। हाल ही में हैदराबाद में जिगरा का प्री-रिलीज इवेंट रखा गया, जहां पर फिल्म से जुड़ी स्टार कास्ट और कुछ नामी हस्तियां शामिल हुईं। जिगरा के प्रचार के दौरान आलिया के अलावा वेदांग रैना भी मौजूद रहे। वहीं जिगरा को सपोर्ट करने के लिए साउथ अभिनेत्री सामंथा भी नजर आईं।

इवेंट में आलिया ने जिगरा का समर्थन करने के लिए सामंथा को धन्यवाद दिया। इवेंट के दौरान आलिया ने सामंथा की जमकर प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में सामंथा के साथ निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास और राणा दग्गुबाती भी मौजूद थे। इसी इवेंट का एक वायरल वीडियो अब सोशल मीडिया पर लोकप्रिय हो रहा है, जिसमें आलिया पुष्पाः द राइज का लोकप्रिय ट्रैक 'ऊ अंतवा' गाते हुए दिखाई दे रही हैं। इस गाने को आलिया ने सिर्फ सामंथा के लिए गाया।

आलिया ने कहा, 'मेरी प्यारी सामंथा, तुम ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों में ही असली हीरो हो। मैं तुम्हारी प्रतिभा, तुम्हारी दृढ़ता और तुम्हारी ताकत की बहुत प्रशंसा करती हूं। पुरुषों की दुनिया में एक महिला होना आसान नहीं है। तुम अपने पैरों पर खड़ी हो, और तुम्हारे पास अपनी प्रतिभा और अपनी मजबूत इरादे हैं, जो सभी के लिए एक उदाहरण है।

जिगरा की अदाकारा ने निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास से उन्हें और सामंथा को एक साथ एक फिल्म में कास्ट करने के लिए गुजारुश की। आलिया ने कहा, 'इस मंच पर, मैं इस समय जिगरा के प्रचार के लिए नहीं कह रही हूं, मैं वास्तव में ऐसा करना चाहती हूं। त्रिविक्रम सर, मुझे लगता है कि सामंथा और मुझे आपके द्वारा लिखी और निर्देशित एक फिल्म में होना चाहिए।'' आगे आलिया ने कहा, ''आमतौर पर अभिनेत्रियां एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। मैं बहुत आभारी हूं कि आज मेरी फिल्म का समर्थन करने के लिए पैन इंडिया सुपरस्टार सामंथा यहां मौजूद हैं।'

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रभात पांडेय द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स 40, वासुदेव भवन कैसरबाग, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 2/74, विक्रांत खंड, गोमती नगर, लखनऊ से प्रकाशित । शाखा कार्यालय: S-15/109, सेक्टर -15, इंदिरा नगर, लखनऊ। समस्त लेख, रचनाओं एवं विज्ञापन में लेखन और विज्ञापनदाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए आर्यावर्त क्रांति की कोई जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र लखनऊ, उत्तर प्रदेश ही होगा। RNI No: UPHIN/2014/57034
*सम्पादक: प्रभात पांडेय सम्पर्क: 9839909595, 8765295384 Email: aryavartkrantidainik@gmail।com